

हिन्दी दैनिक

# झुग्गी झोपड़ी

प्रयागराज से प्रकाशित  हम बनेंगे आपकी आवाज डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23

Website : www.jhuggijhopri.com  www.jjnews.in  प्रयागराज,मंगलवार,3 जनवरी,2023  वर्ष—07 / अंक—234 प्रष्ठ—08 / मूल्य—2 रूपये

## प्रशासन से अलाव जलवाने की मांग




नैनी प्रयागराज ठंड के कहर शुरू होने के बाद भी निगम प्रशासन की ओर से क्षेत्र में अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की गई है अलाव जलाने व रैनबसेरा शुरू करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह की अध्यक्षता में रविवार को गुरु नानक नगर स्थित स्वर्गीय भूपेंद्र सिंह सभागार में बैठक हुई जिसमें जिलाधिकारी व नगर आयुक्त से अलाव जलाने की मांग की गई इस मौके पर हरमनजी सिंह,दलजीत कौर, देवेंद्र अरोरा,अजीत,प्रदीप, दिलीप ठाकुर,धर्मेंद्र पटेल,धीरेंद्र वर्मा सहित प्रमुख लोग रहे।

## दुष्कर्म आरोपी कई माह से फरार , आरोपी के घर पुलिस ने दी नोटिस, हाजिर ना होने पर कुर्की का आदेश

मानिकपुर थाना क्षेत्र के कोहारन गाँव के निवासी युवक लवकुश पटेल पुत्र अजय कुमार पटेल दुष्कर्म के मामले में कई माह से फरार चल रहा है। न्यायालय के आदेश पर अभियुक्त के घर पुलिस नोटिस लेकर पहुंच गई। बताया गया कि समय पर न्यायालय में हाजिर ना हुआ तो कुर्की की कार्रवाई की जा सकती है। थाना कोतवाली नगर में आरोपी युवक लवकुश पटेल खिलाफ अपराध संख्या 221/22 में धारा 376डी 506 आईपीसी के तहत कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है।काफी प्रयास के बावजूद पुलिस के हाथ आरोपी नहीं लगा। आरोपी के खिलाफ धारा 82 की कार्यवाही शुरू करने के लिए पुलिस को सीजीएम न्यायालय ने कार्यवाही करने का आदेश दिया। आरोपी युवक खिलाफ न्यायालय द्वारा उद्घोषणा के अंतर्गत 82 की कार्रवाई का आदेश हुआ है ।अभियुक्त समय में न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ तो संपत्ति कुर्की की कार्रवाई की जा सकती है।

## नये साल के पहले दिन कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड



संतकबीरनगर। जिले में नए साल की पहली सुबह कोहरे के साथ हुई।घना कोहरा छा गया है जिसकी वजह से दृश्य केवल 60 मीटर ही दिखाई दे रहा इसके आगे कुछ दिखाई नहीं दे रहा।सुबह के समय से ही घना कोहरा छाया हुआ है साथ ही ठंड हवाएं चलने की वजह से कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है इसके अलावा रात और दिन के बारे में भी तेजी से गिरावट हुई है।जिले में इस ठंड के सीजन में अब तक का सबसे अधिक कोहरा छाया हुआ है।सड़कों पर वाहन ड्राइवरों को वाहनों की लाइट जलाकर चलना पड़ा। लोगों का घरों से बाहर कम निकले जिससे बाजार में रौनक नहीं रहा।

## सूर्यनगरी एक्सप्रेस के 8 डिब्बे पटरी से उतरे, राजस्थान के पाली में हुआ हादसा

पाली।महाप्रबंधक—उत्तर पश्चिम रेलवे एवं अन्य उच्चाधिकारी जयपुर स्थित मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम से स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। रेलवे, पुलिस और प्रशासन के अफसर मौके पर मौजूद हैं।राजस्थान के पाली में बांद्रा टर्मिनस—जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस ट्रेन के 8 डिब्बे आज तड़के 3.27 बजे जोधपुर मंडल के राजकियावास—बोमदरा सेक्शन के बीच पटरी से उतर गए। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ ने बताया कि इसमें किसी जनहानि की सूचना नहीं है। रेलवे ने जोधपुर से एक दुर्घटना राहत ट्रेन भेजी है। सीपीआरओ ने कहा कि जल्द ही उच्च अधिकारियों के मौके पर पहुंचने की उम्मीद है। महाप्रबंधक—उत्तर पश्चिम रेलवे एवं अन्य उच्चाधिकारी जयपुर स्थित मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम से स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। सीपीआरओ ने कहा कि यात्री और उनके परिजन किसी भी जानकारी के लिए— 138 और 1072— पर भी संपर्क कर सकते हैं। ट्रेन के 3 से 5 तक के डिब्बे पलटे हैं, जबकि 8 डिब्बे पटरी से उतर गए। कुल 11 डिब्बे उतरे हैं। ट्रेन में एक महिला के घायल होने की सूचना है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी किसी जनहानि की सूचना नहीं है।

# कोविड से निपटने की पुख्ता रणनीति तैयार, अस्पतालों में ऑक्सीजन से लेकर आईसीयू सुविधा की हुई जांच



उत्तर प्रदेश में कोविड सहित अन्य महामारी से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयार है। चीन, जापान, ब्राजील सहित देश के अन्य राज्यों में कोविड के नए वैरिएंट के पाए जाने के बाद यहां की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी गई हैं। ऑक्सीजन से लेकर आईसीयू तक को दुरुस्त किया गया है। ऑक्सीजन सुविधाओं को निरंतर बढ़ाया जा रहा है। इसी के तहत 41 मेडिकल कॉलेजों में अतिरिक्त लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट भी बनाए जा रहे हैं।

विभिन्न देशों में कोविड के नए वैरिएंट मिलने के बाद अस्पतालों में मॉकड्रिल करके व्यवस्थाओं की जांच की गई है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि इस दौरान 12 अस्पतालों में मामूली कमियां पाई गई थीं, जिन्हें सुधारने के आदेश दिए गए हैं। अब इन अस्पतालों ने कमियों को सुधारने के बाद पूरी व्यवस्था दुरुस्त होने की रिपोर्ट महानिदेशालय को भेज दी है। स्वास्थ्य विभाग ने कोविड के दौरान प्रदेश के अस्पतालों में करीब एक लाख 60 हजार बेड का इंतजाम किया था। जरूरत पड़ने पर फिर से इन सभी बेडों को क्रियाशील किया जा सकेगा। अभी फिलहाल प्रदेश के सभी जिलों में एक—एक कोविड अस्पताल तैयार किया गया है। कोविड वार्ड भी बना दिया गया है। लैब को तैयार रहने के निर्देश प्रदेश के सभी जिलों को बायो सेफ्टी लेवल (बीएसएल) 2 लैब से जोड़ा गया है। केजीएमयू, पीजीआई, लोहिया संस्थान में उच्च गुणवत्ता वाली लैब हैं। जिलों में तैयार की गई लैब से रीजेंट सहित अन्य संसाधनों के बारे में जानकारी मांगी गई है। जिस लैब में सामग्री की कमी है, वहां महानिदेशालय से समन्वय स्थापित कर सामग्री भेजी जा रही है। निदेशक (संक्रामक रोग) डॉ. एके सिंह ने बताया कि सभी लैब से निरंतर बात की जा रही है, सैंपल संख्या बढ़ाई गई है।

## त्याग, वात्सल्य और बलिदान की प्रतिमूर्ति होती है मां- जमां खां



पूर्व सांसद धनंजय सिंह की माता लालती देवी की 20 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने बंसफा में उमड़ी भीड़

सिकरारा (जौनपुर)पूर्व सांसद धनंजय सिंह की माता लालती देवी की 20वीं पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव बंसफा में रविवार को श्रद्धा पूर्वक मनाया गई। लोगो ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने के लिए दिनभर लोगो का आना— जाना लगा रहा।

श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री जमां खां ने कहा कि मां त्याग, वात्सल्य और बलिदान की प्रतिमूर्ति होती है। वह अपने बच्चों की कुशलता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने को तत्पर रहती है। राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि कहा कि मां ईश्वर की धरती पर सर्वोत्कृष्ट कृति है। माँ की सेवा भक्ति का सौभाग्य जिसे मिला वही व्यक्ति धरती पर सबसे धनवान है।

विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंसू ने कहा स्वर्गीय लालती देवी में एक आदर्श मां के सारे गुणों का समावेश था, उन्होंने उन्होंने सदैव गरीब असहायों की भलाई के लिए कार्य किया। अतिथियों का आभार ब्यक्त करते हुए पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कहा कि मां के बताए रास्ते पर चलकर जरूरत मंद लोगो की आजीवन सेवा करता रहूंगा। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकला धनंजय सिंह ने अतिथियों के साथ लालती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शनिवार से ही आरंभ श्रीरामचरितमानस पाठ के समापन के पश्चात हवन पूजन के बाद आयोजित विशाल भंडारे में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री व चेयरमैन कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह, प्राचार्य डा. समर बहादुर सिंह, ब्यापार मंडल अध्यक्ष इंद्रभान सिंह इंदू, भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह, बरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत सिंह, ब्लाक प्रमुख संजय सिंह, प्रमुख खुटहन बृजेश यादव, प्रमुख बक्शा मनोज यादव, महराजगंज के प्रमुख विनय सिंह, रामपुर प्रमुख राहुल सिंह, विजय सिंह धीरू, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र बहादुर सिंह, शिक्षक रमेश सिंह, संतोष सिंह, अमित सिंह, राकेश सिंह, सुधाकर सिंह, सुशील उपाध्याय सहित जनपद व गैर जनपद के विभिन्न राजनीतिक दल के लोगो के साथ प्रशासनिक अधिकारी व चिकित्सक मौजूद रहे। अध्यक्षता पूर्व विधायक राजदेव सिंह व संचालन प्रतिनिधि ओम प्रकाश सिंह ने किया।

## अयोध्या के पूरा बाजार क्षेत्र में पूर्व मंत्री पवन पांडे ने गरीब जरूरतमंदों में बांटे कंबल



अयोध्या अयोध्या 1 जनवरी 2023 पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने आज यहां गरीब व जरूरतमंद लोगों को भीषण ठंड से बचने के लिए कंबल वितरित किया। अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के पूरा बाजार की ग्राम सभा कृष्णापुर में आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने वहां मौजूद महिलाओं गरीबों और जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते हुए कहा कि इस भीषण ठंड में गरीबों को सरकार की ओर से कंबल, गर्म वस्त्र और अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है जिससे आमजन बेहद परेशान हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार गरीबों को उजाड़ने पर आमादा है और अगर सरकार के कृत्यों का किसी ने विरोध किया तो उस पर भी मनमाने तरीके से अत्याचार किए जा रहे हैं। श्री पांडे ने कहा कि पूर्व की सपा सरकार ने ठंडक में सबसे ज्यादा ध्यान उन गरीबों पर दिया था जिनके सर पर छत नहीं और पहनने को कपड़े नहीं थे। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों का विकास किया लेकिन वर्तमान की भाजपा सरकार लोगों को बांटने में जुटी है। श्री पांडे ने कहा कि आने वाले दिनों में कंबल और गर्म वस्त्र वितरण का कार्यक्रम और बड़े पैमाने पर पूरे विधानसभा क्षेत्र में किया जाएगा ताकि कोई भी गरीब ठंड से प्रभावित न हो सके ।समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि नव वर्ष पर आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों की तादाद में महिलाओं पुरुषों व बालिकाओं को कंबल वितरण किया गया साथ ही पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने उनकी हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया !

## चोरी का पुलिस ने किया खुलासा




कन्नौज ।मोबाइल की दुकान में शटर का ताला तोड़कर 25 दिन पूर्व हुई चोरी की घटना के सुराग और तलाश में लगी पुलिस ने दो नाबालिक चोरों को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया । पच्चीस दिन पूर्व मनीष इंटर प्राइजेज में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो नाबालिग चोरों को बाइक समेत गिरफ्तार कर चोरी का सामान भी बरामद किया है। बताते चलें 4/5 दिसंबर की रात भुगैतापुर स्थित मनीष इंटरप्राइजेज से अज्ञात चोरों ने एक मोबाइल की दुकान के शटर का ताला तोड़कर उसमें रखे टेबलेट लैपटॉप मोबाइल के डेमो सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर लिया था । पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चोरों के खिलाफ सुराग रस्सी अभियान के तहत बीती रात प्रभारी निरीक्षक अटल महेश वीर सिंह को सूचना मिली कि कुछ लड़के विलन्दापुर कट के पास मोटरसाइकिल को लेकर खड़े हुए हैं । सूचना मिलते ही प्रभारी ने चेक तथा हल्का प्रभारी संतोष यादव उपनिरीक्षक शशिकांत कनौजिया व हेमंत चौधरी की टीम ने बिलन्दापुर के पास दोनों लड़कों को दबोच लिया । जामा तलाशी में उनकी डिग्गी से एक लैपटॉप मोबाइल डेमो सब्बल सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद हुआ । पूछताछ में लड़कों ने अपना नाम दिलीप पुत्र अवधेश उम्र 15 वर्ष तथा शिवम पुत्र रामेंद्र उम्र 14 वर्ष निवासी नसरापुर बताया साथ ही 4/5 की रात की चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है । पकड़े हुए दोनों को जुबनैल कोर्ट में पेश किया गया ।

## पैथालॉजी सेंटर पर बैठ कर विचौलिए की भूमिका अदा करने में जुटे स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ?



मुंगराबादशाहपुर (जौनपुर) द्य जिले के स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियो के रहमो—करम एवं मुंगराबादशाहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी की सरपरस्ती में नामी गिरामी चिकित्सकों के नाम पर संचालित किए जा रहे अवैध नर्सिंग होम एवं पैथालाजी सेंटर मरीजों के लिए जहां यमदूत साबित हो रहें हैं वहीं मुंगराबादशाहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के जिम्मेदार अधिकारियों के लिए सोने का अंडा देने वाली मुर्गी साबित हो रहे हैं । लोगों की मानें तो मुंगराबादशाहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर नियुक्त स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शिव शंकर तिवारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बजाय आस पास के पैथालाजी सेंटर पर बैठ कर अवैध नर्सिंग होम तथा पैथालाजी सेंटरों के संचालकों एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी के बीच सेतु का दायित्व निभा अपनी भी आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने में जुटे हैं। बताया जाता है कि प्रभारी चिकित्साधिकारी डा० राजेश कुमार के सिपहसालार बने स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शिव शंकर इन दिनों अपनी ड्यूटी स्वास्थ्य केंद्र के आस पास खुले पैथालाजी सेंटर पर बैठकर झोलाछाप डाक्टरों एवं अवैध पैथालाजी सेंटरों के संचालकों को जांच कराने की धौंस दिखाकर अवैध रूप से धन उगाही करने में मशगूल हो गए हैं । यही कारण है कि जिले का स्वास्थ महकमा इन तथाकथित अवैध नर्सिंग होम एवं पैथालाजी सेन्टरों के संचालकों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। जिले के स्वास्थ्य विभाग की तंद्रा तब टूटती है जब इन तथाकथित डाक्टरों की लापरवाही के कारण किसी मरीज की जान चली जाती है तब जाकर स्वास्थ्य विभाग की नींद टूटती है। लोगों द्वारा दी गई जानकारी कहां तक सत्य है यह तो जांचोपरांत ही सामने आयेगा फिलहाल जिसे जिले के स्वास्थ्य विभाग को करना है । फिलहाल मुंगराबादशाहपुर में बेखौफ होकर संचालित किए जा रहे अवैध पैथालाजी सेंटर एवं नर्सिंग स्वास्थ्य विभाग की भूमिका पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आलम यह है कि मुंगराबादशाहपुर नगर के साथ ही साथ नीभापुर ,सतहरिया पवांरा ,उचौरा ,मधुपुर , तरहठी सोहासा ,गरियांव , तरहठी आदि ग्रामीण बाजारों में झोलाछाप डाक्टरों को बेखौफ प्राइवेट प्रैक्टिस करते देखा जा सकता है। जिसकी सूचना मिलने के बाद भी जिले का स्वास्थ्य विभाग मौन साधे हुए हैं ।

# नव वर्ष पर विन्ध्यवासिनी धाम में दर्शनार्थियों के भीड़ के दृष्टिगत



आगामी नव वर्ष के अवसर पर मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में दर्शन पूजन के लिये आने वाले श्रद्धालुओं के सम्भावित भीड़ के दृष्टिगत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने अपर जिलाधिकारी वि0ध् रा0 शिव प्रताप शुक्ल व अन्य अधिकारियों के साथ विन्ध्यधाम में भ्रमण कर श्रद्धालुओं को सुचारू ढंग से दर्शन पूजन कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षणोपरान्त नव वर्ष के अवसर पर श्रद्धालुओं के भीड़ आने की सम्भावना को देखते हुये अधिकारियों द्वारा निर्णय लिया गया कि दिनांक 31 दिसम्बर 2022 एवं एक जनवरी व दो जनवरी 2023 को मां विन्ध् यवासिनी देवी चरण स्पर्श करने पर प्रतिबन्धित रहेगा। जिलाधि ाकारी द्वारा बताया गया कि ध् ााम में आने वाले श्रद्धालुओं को सुचारू ढंग से मां का दर्शन हो सकें इसके लिये मन्दिर के प्रवेश व निकास द्वार पर पर्याप्त बैरीकेटिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया गया। उन्होने कहा कि धाम में आने वाले भक्तो को किसी प्रकार की दिक्कत न होने पाये इसके लिये जिला प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाए सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होने बताया कि विन्ध्याचल देवी मन्दिर में श्रद्धालुओं को जल्दी व सुचारू ढंग से मां का दर्शन हो सके इसके लिये 31 दिसम्बर 2022 , 01 एवं 02 जनवरी 2023 को मां के चरण स्पर्श पर पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा किसी के द्वारा इस आदेश का उल्लघन करते हुये पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कठारे कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी, परियोजना प्रबन्धक राजकीय निर्माण निगम, अध्यक्ष विन्ध्य पण्डा समाज पंकज द्विवेदी के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# इग्नू के स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्सों में ऑनलाइन नामांकन 31 जनवरी, 2023 तक निर्धारित



सी एम कॉलेज के इग्नू अध् ययन केन्द्र में समन्वयक डा विजयसेन पांडेय की अध्यक्षता में हुई पदाधिकारियों एवं कर्मियों की बैठक छात्र, पढ़ाई छोड़ चुके, नौकरी करने वाले, घरेलू महिलाएं व बुजुर्गों को इग्नू में नामांकन लेकर सपनों को साकार करने का सुनहरा अवसर–डा चौरसिया इग्नू के स्नातक सामान्य कला एवं वाणिज्य कोर्सों में अनुसूचित जाति तथा जनजाति के छात्रों को नामांकन में विशेष छूट–डा विजयसेन दरभंगा । इन्दिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी अर्थात् इग्नू के जनवरी–2023 सत्र में ऑनलाइन नामांकन प्रारंभ हो गया है। इग्नू नामांकन जागरूकता के उद्देश्य से सी एम कॉलेज, दरभंगा इग्नू अध् ययन केन्द्र में इग्नू समन्वयक डा विजयसेन पांडेय की अध् यक्षता में पदाधिकारियों एवं कर्मियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें सी एम कॉलेज में चल रही इग्नू–परीक्षा के केन्द्राधीक्षक डा आर एन चौरसिया, सहायक समन्वयक डा शिशिर कुमार झा, शंभू मंडल व प्रशांत कुमार झा, सहायक विपिन कुमार सिंह, अमरजीत कुमार, मो सुहैल आलम व त्रिलोकनाथ चौधरी, सुरेश पासवान तथा रिंकू देवी आदि ने भाग लिया।

अपने संबोधन में डा आर एन चौरसिया ने कहा कि अपने क्षेत्र विस्तार तथा नामांकित छात्र संख्या की दृष्टि से इग्नू विश्व का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है जो अपनी पारदर्शिता, सत्र नियमितता तथा उच्च अध्ययन सामग्री की दृष्टि से अद्वितीय है। इग्नू में कोई भी अध्ययनरत छात्र, पढ़ाई छोड़ चुके युवा, किसी भी विभाग में नौकरी करने वाले, कहीं के भी व्यक्ति, घरेलू महिलाएं तथा किसी भी अवस्था के बुजुर्ग नामांकन लेकर अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। इग्नू सभी व्यक्तियों को नामांकन लेकर अपने सपनों को साकार करने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। उन्होंने छात्रों को इग्नू के मुख्य साइट ू.पहदवन.ंब.पद खोलकर पहले नामांकन हेतु रजिस्ट्रेशन कराने, फिर अपना इंफॉर्मेशन भरने के बाद फोटो व आवश्यक प्रमाण पत्रों को अपलोड करने के बाद नामांकन शुल्क पेमेंट करने की बात कहते हुए अपने लॉगइन आईडी और पासवर्ड को सुरक्षित रखने का सुझाव दिया।ध्ण्डा चौरसिया ने बताया कि इग्नू में परंपरागत कोर्सों के साथ ही तकनीकी, स्वास्थ्य संबंधी, रोजगार परक तथा समाज से संबद्धअनेक छमाही सर्टिफिकेट, वार्षिक डिप्लोमा एवं पीजी डिप्लोमा कोर्सों के साथ ही स्नातक एवं स्नातकोत्तर कोर्स भी उपलब्ध ा हैं।

इग्नू– समन्वयक डा विजयसेन पांडेय ने कहा कि इग्नू के स्नातक सामान्य कला, विज्ञान एवं वाणिज्य कोर्सों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों को नामांकन में शर्तों के साथ विशेष छूट दिया जा रहा है। जिन छात्रों के अभिभावकों की वार्षिक आय ढाई लाख रुपए से अधिक न हो, उन्हें पंजीयन हेतु 300 रुपए एवं विकास संबंधी ध्200 मात्र शुल्क देय हैं। उन्होंने बताया कि जो लोग नए– नए विषयों को पढ़कर अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहते हैं, उन्हें इग्नू से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा। सी एम कॉलेज के इग्नू अध्ययन केन्द्र में नए कोर्स भी प्रारंभ किए जाएंगे, जिनके लिए छात्रों को दिल्ली व बैंगलोर आदि नहीं जाना पड़ेगा।

उन्होंने छात्रों से अपील की कि नामांकन के समय वे अपना ही मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी भरें तथा अपने अकाउंट से पेमेंट करें। अन्यथा भविष्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

इग्नू के सहायक समन्वयक प्रशांत कुमार झा के संचालन में आयोजित बैठक में अतिथियों का स्वागत शंभू मंडल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डा शिशिर कुमार झा ने किया।

विज्ञापन दर
समाचार पत्र का साइज 25x32
फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।
4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 दुतीय पेज 3000
क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।
क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।
कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।
अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे सम्पर्क करे।
9918366626

# अबैध शराब बिक्री करने वाले दो आरोपी के विरुद्ध कर्यवाही करते हुए भारी मात्रा मे शराब जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की

मध्यप्रदेश पुलिस अधीक्षक रीवा श्री नवनीत भसीन द्वारा चलाए जा रहे नशे के विरूद्ध अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेकलाल के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी मऊगंज श्री नबीन दुबे के निर्देशन मे थाना प्रभारी नईगढ़ी जगदीश सिंह ठाकुर ने सूचना पर अपनी टीम के साथ ग्राम भलुहा मे तलाब किनारे छुपाकर रखी अबैध शराब की विक्री करने वाले आरोपियो के कब्जे से 54 लीटर देशी प्लेन मदिरा शराब जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।'नाम पता आरोपी'01. पुष्पेन्द्र उर्फ अंशू कोल पिता राजेश कोल उम्र 20 वर्ष निवासी नंईगढी02.अभिषेक यादव पिता विजय यादव उम्र 21 वर्ष दोनो नि. वार्ड क्र. 15 नईगढी थाना नईगढी जिला रीवा(म.प्र.) 'जप्त मसरूका' 54 लीटर देशी प्लेन शराब कीमती 24,000 रुपये।'सराहनीय भूमिका'उनि जगदीश सिंह ठाकुर हम. सउनि नन्दकुमार सिंह आर. प्र.आर. रामलेखन पाण्डेय आर. संजय बागरी आर बीरभद्र प्रताप सिंह आर. अमित पाण्डेय आर. प्रदीप यादव।

# संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सुनने डिहिया पहुंचे



मध्यप्रदेश जिला ग्रामीण कार्यकारी अध्यक्ष ऋ सिरमौर वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरीश सिंह जी एवं प्रदीप सिंह पटना सिरमौर विधानसभा क्षेत्र 68 अंतर्गत ग्राम पंचायत डिहिया मे ऋ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ ष्ऋष कथा व्यास आचार्य श्री जितेंद्र जी महाराज ( लालाजी ) तिरुपति बालाजी के – मुखार बिंदु से कथा श्रवण करने पहुंचे ऋ जिला ग्रामीण कार्यकारी अध् यक्ष ऋ गिरीश सिंह – सिरमौर कांग्रेस नेता प्रदीप सिंह पटना – रामसखा पांडे – सुरेश सिंह – राजेंद्र द्विवेदी ऋ ख विपिन दिवेदी ष ब्लॉक कांग्रेस संगठन मंत्री सिरमौर , ऋ मोतीलाल साकेत पूर्व जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 17 एवं क्षेत्र की समस्त जनता जनार्दन को कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# बार संघ के चुनाव में बृजविहारी चुने गए अध्यक्ष



रूद्रपुर (देवरिया) । शुक्रवार को रूद्रपुर तहसील बार संघ का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ । यह चुनाव एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश मणि त्रिपाठी व सदस्य परशुराम मिश्र, सुधांशु मौलि ओझा, प्रकाश नारायण शुक्ला व अशफाक अहमद की देख रेख में कराई गई । प्रत्याशियों के जीतने पर समर्थकों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया । बार संघ के चुनाव में कुल 47 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया । अध्यक्ष पद पर बृज विहारी पाण्डेय ने 29 मत पाकर जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी रहे सत्यानन्द पाण्डेय को 16 मत मिले, वहीं अनिल यादव को मात्र 2 मत मिले । महामंत्री पद पर शशिभूषण मिश्र ने 26 मत पाकर जीत हासिल की। इनके निकटतम प्रतिद्वंदी रणवीर सिंह को 20 वोट मिला वहीं 1 मत अवैध हो गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विनोद कुमार पाठक चुने गए । उन्हें 32 वोट मिला । वहीं राजेश्वर मणि 14 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे तथा 1 वोट अवैध हो गया । बलवंत कुमार कोषाध्यक्ष के लिए निर्विरोध चुन लिए गए । नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को रमेश मणि, प्रमोद सिंह, विजय सिंह, आनन्द मिश्रा, कृष्णमूर्ति त्रिपाठी, अजित त्रिपाठी, हिमांषु त्रिपाठी, विश्वविजय मल्ल, राजेश मणि, राजेश कुमार त्रिपाठी, विकास मणि त्रिपाठी, सत्यप्रकास सिंह, बी के सिंह, वी एन पाण्डेय, श्रीधर मिश्र, शशिभूषण निगम, शशिभूषण सिंह, सत्यपाल यादव, बालेंदु पाण्डेय, सतीश गुप्ता आदि अधिवक्ताओं ने बधाई दी है ।

# नेशनल मीडिया प्रेस क्लब का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया

हराजगंज–(जौनपुर)

क्षेत्र के महराजगंज में शुक्रवार को कुलदीप विश्वकर्मा दि ग्राम टुडे हिंदी दैनिक समाचार पत्र के रिपोर्टर को नेशनल मीडिया प्रेस क्लब जिला अध्यक्ष जौनपुर संतोष कुमार जिला महामंत्री जौनपुर सरोज मिश्रा के द्वारा को सम्मान पत्र नेशनल मीडिया प्रेस क्लब का देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सरोज मिश्रा , संतोष कुमार, विशाल कुमार , शेर बहादुर यादव , संजय निषाद, आदि लोग मौजूद रहे।



# एनसीबी हरियाणा प्रमुख श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों से कुरुक्षेत्र में 185वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



कुरुक्षेत्र। प्रयास के संस्थापक–प्रांतीय अध्यक्ष, हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी हरियाणा) प्रमुख एवं अम्बाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री श्रीकांत जाधव भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठोल में एक दिवसीय 185वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारीध्उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा अपने सहयोगी उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार एवं प्रयास सदस्य सेवानिवृत उप निरीक्षक कर्म चंद के साथ विद्यालय में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे हुए थे। विद्यालय की प्राचार्या सीमा आर्य, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी सुरेश कुमार और सुरेंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में पधारे एनसीबी अधि ाकारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा का स्वागत किया और एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। मंच का सञ्चालन डॉ. जय सिंह ने किया। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए ब्यूरो अधिकारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो का गठन किया गया है जिसकी बागडोर भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी श्रीकांत जाधव साहब को सौंपी गई है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करते हुए कहा प्रश्न यह है कि यह नशा हम कहाँ से सीखते हैं। सबसे पहले तो परिवार, समाज, मित्र संगत और सबसे अधिक चलचित्र अभिनेताओं के अभिनय को देखकर आज का युवा प्रभावित होकर नशा सीख रहा है। कुछ पंजाबी गानों में तो नशे के सेवन को बहुत ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया है कि युवा उस और आकर्षित होकर नशा लेने लग जाते हैं। इसके अतिरिक्त बेरोजगारी, अवसाद, घरेलू कलह, गरीबी, असफलता, अशिक्षा, जागरूकता की कमी भी इसके मुख्य कारण हो सकते हैं। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए जागरूकता और शिक्षा सबसे बड़ा और सबसे उपयोगी शस्त्र सिद्ध हो सकता है क्योंकि नशे की दलदल में फंसने वाले युवाओं को नशे के दुष्परिणामों का ज्ञान ही नहीं होता है क्योंकि पहले आरम्भ में वे नशे का सेवन मौज मस्ती के लिए करते हैं लेकिन ड्रग्स का नशा तो ऐसा है जिसे यदि एक या दो बार ले लिया जाए तो छोड़ना कठिन हो जाता है लेकिन इसका यह अभिप्राय नहीं है कि यह असंभव है। दृढ़ इच्छा शक्ति से कोई भी व्यसन छोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 9050891508 पर गुप्त सूचनाएं देने के साथ नशा छोड़ने वाले भी सम्पर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने शपथ ली और गाँव में नशे के विरुद्ध पैदल जागरूकता यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर प्राचार्य सीमा आर्य, शिक्षक सुरेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, डॉ. जय सिंह, राजेश कुमार, जसविंद्र, श्यामलाल अंशुल खुराना, ऋतू शर्मा, इन्दु सरोहा आदि ने भाग लिया।

# हाथ से हाथ जोडो अभियान की सुरुआत की बैठक शाहपुर हुई



मध्यप्रदेश रीवा सेमरिया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदरणीय कमलनाथ जी के निर्देशन पर कार्यक्रम प्रभारी उमेश सिंह की उपस्थिति में व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रियुगी नारायण शुक्ला सेमरिया विध ाानसभा से कांग्रेस पार्टी के लोकप्रिय नेता गजेंद्र दुबे , कांग्रेस नेता लालमणि पाण्डेय कांग्रेस नेता सत्यनारायण चतुर्वेदी , कांग्रेस नेता धर्मेंद्र तिवारी डब्बूल भैया जिला उपाध्यक्ष रमाकांत शुक्ला रमा सिंह ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शाहपुर के कार्यवाहक अध्यक्ष श्यामलाल कुशवाहा की अगुवाई में आगामी 26 जनवरी 2023 से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान कार्यक्रम की शुरूआत होनी है उक्त कार्यक्रम की व्यापक रूपरेखा तैयार करने हेतु आज सेमरियाऋविधानसभा शाहपुर ब्लॉक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र में पुष्प माला अर्पण कर तैयारी बैठक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस नेता रामबहोर उर्मालिया , जिला सचिव ध ार्मेंद्र मिश्रा, पत्रकार उमेश पाठक अरविंद तिवारी विनीत पांडे , डॉक्टर अखिलेश द्विवेदी चंद्रिका मिश्रा वंश बहादुर चतुर्वेदी रामसुख पांडे राज ललन द्विवेदी विद्या शंकर मिश्रा डॉक्टर दादू भाई मिश्रा दिलीप सिंह राजू मिश्रा बालेंद्र तिवारी जे पी द्विवेदी रतन सोनी सूर्यपाल नामदेव रिशु तिवारी पवन पाठक नितेश कुशवाहा सूरज पाल संजय सिंह धीरज द्विवेदी रजनीश दहिया ओम्कारेश्वर शुक्ला पुनीत नामदेव एवं तमाम वरिष्ठ कांग्रेस जनों की उपस्थिति रहे।

# श्रवण ने आईएसएस में 10 वीं रैंक पाकर बढ़ाया कछरांचल का मान

रुद्रपुर देवरिया।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से आयोजित सिविल सेवा परीक्षा 2022 में उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद के कछरांचल में स्तिथ भगवानपुर निवासी श्रवण कुमार यादव ने दसवीं स्थान प्राप्त कर प्रदेश में कछरांचल का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया है। श्रवण कुमार यादव ने एमएससी आईआईटी मुंबई में अपनी पढ़ाई पूरी की है। वह स्टैटिक्स के छात्र हैं।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से आयोजित सिविल सेवा परीक्षा 2022 के अंतिम नतीजों की घोषणा कल हुई है। इस परीक्षा में उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में स्तिथ भगवानपुर के श्रवण कुमार यादव ने दसवीं स्थान प्राप्त किया है। श्रवण कुमार यादव मुंबई में अपनी पढ़ाई पूरी की है। वह स्टैटिक्स के छात्र हैं। श्रवण कुमार यादव पिछले दो वर्ष से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में ऑफिसर पद पर कार्यरत थे ।श्रवण कुमार यादव (रोल नंबर 0280373) ने कहा कि उन्हें इस बार सिविल सेवा परीक्षा में सफलता मिलने की विश्वास था, लेकिन चयनित घोषित उम्मीदवारों से पूरे भारत मे दसवीं स्थान मिलना उनके लिए आश्चर्य की बात है।श्रवण कुमार यादव का सपना आएएसएससी बनने का था। वह भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाना चाहते थे। सिविल सेवा परीक्षा 2022 में पहली बार में दसवीं स्थान प्राप्त करने वाले श्रवण कुमार यादव ने अपनी पढ़ाई केशव सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूद्रपुर से दसवीं व जनता इंटर कालेज पिपरा कछार से इंटर पास किया व काशी हिन्दू विश्वविद्यालय तथा आईआईटी मुंबई से स्टैटिक्स और पी. एचडी की पढ़ाई की है। उनके चयन पर पिता रामाज्ञा यादव, माता लक्ष्मीना देवी, भाई दिलीप यादव, पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य रामेश्वर विश्वकर्मा, महामंत्री प्रवीण कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष हृदेश गुप्ता, पूर्व छात्र परिषद की संरक्षिका प्रतिष्ठा वर्मा, प्रध ाानाचार्य राम दयाल सिंह, प्रध ाानाचार्य राणा प्रताप सिंह, शत्रुध्न राव, उत्तर प्रदेश कृषि छात्र संघ के तहसील अध्यक्ष दिनेश प्रकाश विश्वकर्मा, तारकेश्वर विश्वकर्मा, परमेश्वर विश्वकर्मा, प्रबंधक एसएन विश्वकर्मा, सोनू गुप्ता, धर्मेंद्र मद्धेशिया नंद बिहारी सिंह आदि लोगों ने शुभकामनाएं दी।



झुग्गी झोपड़ी
हिन्दी दैनिक

# यमुनापार विकास संघर्ष समिति की बैठक संपन्न

नैनी, प्रयागराज। यमुनापार की मूलभूत समस्याओं को लेकर आयोजित यमुनापार विकास संघर्ष समिति की बैठक अवंतिका कॉलोनी नैनी के दुर्गा पूजा पार्क स्थित हाल में संपन्न हुई। बैठक की अध यक्षता भगवती प्रसाद पांण्डेय एवं संचालन गजेन्द्र प्रताप सिंह पत्रकार ने किया।

बैठक मे प्रमुख रूप से राज्य कर्मचारी बीमा अस्पताल नैनी को आम जनमानस के इलाज हेतु सर्व सुलभ कराने, अरैल क्षेत्र मे आधुनिक शवदाह गृह का तत्काल निर्माण कराने, उच्च छमता (हाई वोल्टेज) के जर्जर विद्युत पोल व तारों को बदलवाने, सीवर सुविधा विहीन बस्तियों में सीवर लाइन बिछाने तथा पार्कों में हो रहे सुंदरीकरण कार्य को मानक के अनुरुप तीव्रगति से पूरा कराये जाने की मॉग उठाई गयी। इन मुद्दो का पुरजोर समर्थन करते हुए बैठक मे शामिल समाज सेवियों ने अपने–अपने विचार प्रस्तुत कर प्रदेश सरकार एवं उच्च अधिकारिओं से जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यथाशीघ्र इन मांगों को पूरा करने की पुरजोर अपील किया। बैठक में सर्वश्री बद्री प्रसाद मिश्रा, संजीव गुप्ता, एन पी मिश्रा, प्रवीण तिवारी, नयन कुशवाहा, विनोद शंकर तिवारी, सुनील साहनी, सुनील श्रीवास्तव, शिव शंकर मिश्रा, सुधाकर दुबे, सुनीता दुबे, अंजुम नाज, अशोक सोनी, दिनेश विश्वकर्मा, राजकुमार श्रीवास्तव, राजेश सिंह, अनिल मिश्रा, शंभू नाथ शर्मा, बांकेलाल पटेल, आर के पांडे, विकास दुबे, घनश्याम शुक्ला, मो० निजाम, शैल सिंह, गंगा प्रसाद ठाकुर, जेपी शु क्ला, सुधाकर पांडे, विनोद यादव, राधिका प्रसाद प्रजापति, आदि ने जनहित हेतु समिति के संघर्षो का पूर्ण समर्थन करते हुए सक्रिय सहभागिता का संकल्प व्यक्त किया।

# निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर हिला हवाली करती यूपी सरकार : सर्वेश यादव

आज सिविल लाइन स्थित पत्थर गिरजा घर धरना स्थल पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ओबीसी आरक्षण विरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

नगर निकाय के चुनाव में संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करके, आयोग बनाकर, सर्वे करवा कर आरक्षण लागू करना था। लेकिन जान बूझकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने ऐसा गड़बड़ आरक्षण किया, कि हाईकोर्ट ने इनके आरक्षण को रद्द कर दिया। इतना ही नहीं हाईकोर्ट ने यह तक कह दिया कि , ष्अगर आप प्रक्रियाओं का पालन करते हैं तो आरक्षण में ओबीसी को उनका हक मिलेगा और अगर बगैर प्रक्रिया के आरक्षण व्यवस्था लागू की तो बिना आरक्षण के ही चुनाव करा दो।ष

जिलाध्यक्ष सर्वेश यादव ने कहा आम आदमी पार्टी का साफ तौर पर मानना है कि यह गड़बड़ी जानबूझकर की गई है। इसके लिए जो भी अधिकारी और सरकार के लोग जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए बीजेपी सरकार ओबीसी विरोधी सरकार है श्री यादव ने बताया कि इन्होंने इसके पूर्व में 69000 शिक्षक भर्ती में और लेखपाल भर्ती में भी ओबीसी के साथ खिलवाड़ किया और अब योगी सरकार लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भी ओबीसी आरक्षण खत्म चाहती है इसकी आम आदमी पार्टी घोर निंदा करती है।

जिला महासचिव नितिन पटेल ने कहा इस नगर निकाय चुनाव में भाजपा सरकार ने जानबूझकर सर्वे में गड़बड़ी कराई आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन किया। अगर सरकार ने संवैध ाानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए निकाय चुनाव में व्ठब का आरक्षण लागू नही किया तो आने वाले समय में आम आदमी पार्टी चरणबद्ध तरीके से बड़े स्तर का आंदोलन करेगी।

इस अवसर पर श्रम प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अंजनी कुमार मिश्रा, पल्लवी मालवीया, पूनम सिंह, आलोक श्रीवास्तव, आकाश सिंह ज्वाला, संजय पांडे प्रचंड, स्वाति चौरसिया, रेनुका राय, ज्योति प्रकाश चौबे, राहुल पटेल, मो. अजमल, विकास तिवारी, अमन कुमार, अबू तालिब, विजय यादव, अर्पित साहू,धीरज तिवारी,बसंत लाल बागी, राम लखन चौरासिया, डा० जावेद, रवींद्र श्रीवास्तव, रवि त्यागी, सुभाष भारतीय, अरुण कुशवाहा, मोहम्मद हसीन, महेश प्रजापति, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद असलम, मोहम्मद इफ्तिखार, धीरज माली, आयुष तिवारी आदि साथी मौजूद रहे।

# बाल रंग कार्यशाला में अभिनय की बारीकियों से रूबरू हो रहें है बच्चे

प्रयागराज 02 जनवरी, प्रबुद्ध फाउंडेशन और राष्ट्रीय शिशु विद्यालय के संयुक्त तत्वाध ाान में राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले के जन्मदिन की पूर्व संध या पर 07 से 17 आयु वर्ग के बच्चों के सृजनात्मक, कलात्मक और व्यक्तित्व विकास के लिए एक 15 दिवसीय प्रस्तुतीपरक शीतकालीन बहुजन बाल रंग कार्यशाला का शुभारंभ मम्फोर्डगंज स्थित राष्ट्रीय शिशु विद्यालय में दोपहर से किया गया। इस प्रस्तुतिपरक बाल रंग कार्यशाला में मंफोर्डगंज स्थित राष्ट्रीय शिशु विद्यालय के साथ डीपी गर्ल्स इंटर कालेज और मेरी वाना मेकर इंटर कालेज के लगभग 50 बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतिभागी बच्चों को नृत्य, नाटक व गायन की विविध कला आयामो के विषय में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कार्यशाला के संयोजक रंगकर्मी रंगनिर्देशक आईपी रामबृज ने बताया कि नृत्य, नाटक व गायन में प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत बच्चे अपनी अपनी रंगारंग प्रस्तुति 15 जनवरी को राष्ट्रीय शिशु विद्यालय में या उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के प्रेक्षागृह देंगे।

विद्यालय के प्रध ाानाचार्य एलके अहेरवार ने बताया कि सुविधाविहीन बहुजन समाज के बच्चों को उचित मंच नहीं मिल पाता, नामी गिनामी सांस्कृतिक मंच भी बहुजन समाज के बच्चों पर ध्यान न देकर पहले से ही कुछ न कुछ पारंगत बाल कलाकारों को ही मंच प्रदान करते है जबकि रंगमंच की विभिन्न विधाओं की उत्पत्ति ग्रासरुट समाज से ही माना जाता है।

प्रबुद्ध फाउंडेशन के प्रबंधक/सचिव रंगकर्मी रंग निर्देशक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने बताया कि भले ही बहुजन समाज को राजनैतिक बराबरी मिल चुकी है लेकिन सामाजिक सांस्कृतिक बराबरी से बहुजन समाज बहुत दूर है। बहुजन समाज का तथाकथित शिक्षित वर्ग भी इस सामाजिक असमानता के लिए काफी हद तक जिम्मेदार है। स्वार्थी लोगों ने समानता प्रदान करने वाली बहुजन संस्कृति का विनाश किया है जिसे पुनर्जीवित एवं मजबूत करने की जरूरत है तथा इस दिशा में प्रबुद्ध फाउण्डेशन एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य कर रहा है।

मम्फोर्डगंज स्थित शिशु मंदिर के प्रबंन्धक अजय भारती ने बताया कि सुविध ााओं के अभाव में रहते हुए बहुजन समाज के बच्चों में निहित नैसर्गिक प्रतिभा पर खुशी जाहिर करते हुए उनके साहस एवं हिम्मत की सराहना की। दूर दराज इलाकों से भी बच्चे इस पड़ रही भीषण ठण्ड में भी दोपहर 02 बजे से अपराह्न 05 बजे तक यानी पूरे तीन घण्टे प्रतिदिन कार्यशाला में ठण्ड से लड़ते हुए रंगमंच की विभिन्न विधाओं की दुनिया से बच्चे सराबोर होंगे।

प्रतिभागी बच्चों में रीत सिंह, तनु सिंह, अंश केशरवानी, ग्रन्थ केसरवानी, तनु जायसवाल, शगुन जायसवाल, अंतरा पटेल, जिज्ञासा पटेल, नैना यादव, जोया अली शेख, अंशिका शर्मा, अनुपम शर्मा, कार्तिक पाल, अंशु पाल, पूर्वी गौड़, माही धुरिया, प्रेम प्रजापति, अमन भारतिया, शिवम सरोज, अंबिका, संजना, चाहत, प्रियांशु, प्रियंका, सोनाली, गौरी, शालू, महक सहित पचासों बच्चे शामिल हुये।

# नोट बंदी का फैसला मोदी जी के द्वारा राष्ट्र के हित में किए गए कार्यो की जीत है ( गणेश केसरवानी)

2 जनवरी प्रयागराज, सुप्रीम कोर्ट के द्वारा नोटबंदी पर किए गए फैसले को लेकर भाजपाइयों ने निर्णय का स्वागत किया इस निर्णय पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा नोटबंदी पर किया गया फैसला भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा राष्ट्र हित के संदर्भ में किए गए कार्यों की जीत और इस फैसले पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या जी ने ट्वीट कर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार तथा अपराध को नियंत्रित करने हेतु माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा लिया गया नोटबंदी के निर्णय को मा0 सुप्रीम कोर्ट ने सही माना है। और आज फिर साबित हो गया कि सपा, बसपा और कांग्रेस सहित सामूहिक विपक्ष जनहित की नहीं निजी हितों की राजनीति करता है और मा0 प्रधानमंत्री जी के देश हित में लिए गए निर्णयों का विरोध करते हैं। और आज उनके नेतृत्व में भ्रष्टाचार करने वाले परेशान हैं तथा गरीब व ईमानदार लोग प्रसन्न हैं फैसले का स्वागत करने वालों में अनामिका चौध री,अवधेश चंद्र गुप्ता, पार्षद किरन जायसवाल, कमलेश कुमार, कुंज बिहारी मिश्रा, देवेश सिंह ,वरुण केसरवानी ,राजेश केसरवानी, विवेक अग्रवाल, राजू पाठक ,गिरजेश मिश्रा ,राघवेंद्र सिंह ,सचिन जायसवाल, सुभाष वैश्य, राजन शुक्ला , विवेक गौड़, राजेश कुमार गुप्ता, धीरज केसरवानी, अजय अग्रहरि, सत्या जायसवाल आशीष जायसवाल आलोक वैश्य, किशन चंद्र जायसवाल, नीरज केसरवानी,आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में इलाहाबाद–झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन–2023 के निर्वाचन की तैयारियों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में इलाहाबाद–झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन–2023 की तैयारियों के सम्बंध में प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों को अपने–अपने दायित्वों का सम्यक रूप से अनुपालन सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि सभी सम्बंधित अधिकारी अपने कार्यों को समय से सुनिश्चित करते हुए निर्वाचन कार्य को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियोंध्अपर नगर मजिस्ट्रेटों को उनके क्षेत्रों में बनाये गये मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर वहां पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन आयोग के द्वारा निध ारित दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इलाहाबाद–झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन–2023 के निर्वाचन की अधिसूचना 05 जनवरी को, नाम निर्देशन की अन्तिम तिथि 12 जनवरी, नाम निर्देशन की जांच 13 जनवरी, नाम वापसी हेतु अन्तिम तिथि 16 जनवरी, मतदान का दिनांक 30 जनवरी, मतदान का समय पूर्वान्ह 08:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक तथा मतगणना का दिनांक 02 फरवरी, 2023 निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने मतदान कार्मिकों का अच्छे ढंग से प्रशिक्षण कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री हर्षदेव पाण्डेय, एडीएम सिटी श्री मदन कुमार, एडीएम नजूल श्री प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति श्री जे0पी0 सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी श्री कुंवर पंकज सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके पूर्व जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने इलाहाबाद–झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन–2023 के निर्वाचन के सम्बंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिध ियों के साथ बैठक करते हुए निर्वाचन के सम्बंध में उनके सुझाव को सुना। जिलाध िकारी ने निर्वाचन में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए वोटरों को जागरूक करने के लिए कहा है। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि चुनाव के दिन यातायात की व्यवस्था को ठीक रखा जाये, जिसपर जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान के दिन यातायात की व्यवस्था को चुस्त–दूरूस्त रखा जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप ही बूथों का चयन किया गया है। मतदाता सूची में 04 जनवरी तक अपना नाम जुड़वाया जा सकता है।

## प्रेस विज्ञप्ति

आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 के द्वारा अवगत कराया गया है कि लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 31 दिसम्बर, 2023 (एक वर्ष) तक खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण कराया जाना है। उक्त के दृष्टिगत शासन द्वारा निम्न निर्देश निर्गत किए हैं:–

1– एन0एफ0एस0ए0 के अन्तर्गत निःशुल्क खाद्यान्न वितरित कराए जाने में आने वाले सम्पूर्ण व्ययभार का वहन भारत सरकार द्वारा किया जायेगा।

2– 'वन नेशन वन राशनकार्ड' योजनान्तर्गत अच्छादित लाभार्थियों को पोर्टबिल्टी के अन्तर्गत दिनांक 01.01.2023 से 31.12.2023 तक कुल एक वर्ष हेतु निःशुल्क खाद्यान्न प्रदान किया जायेगा।

3– खाद्यान्न वितरण के अन्तर्गत ई–पॉस मशीन से निकलने वाली वितरण पर्चियों पर भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण व्ययभार वहन किए जाने की स्थिति का उल्लेख करते हुए निःशुल्क खाद्यान्न वितरण अंकित किया जायेगा। जिसका प्रारूप भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

4– लाभार्थियों के मध्य वितरण से सम्बन्धित व्यापक जन जागरूकता हेतु वितरण के दौरान समस्त उचित दर दुकानों पर कम से कम 3 स्थानों पर अनिवार्यतः दिनांक 01.01.2023 से 31.12.2023 कुल एक वर्ष हेतु निःशुल्क एन0एफ0एस0ए0 खाद्यान्न वितरण की सूचना प्रदर्शित की जायेगी तथा क्रियाशील कॉलसेन्टर एवं टोलफ्री नं0–1967 एवं 1800–1800–150 का प्रदर्शन किया जायेगा। उक्त का व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए कार्डधारकों सहित अन्य जनमानस में भी उपरोक्त महात्वाकांक्षी योजना के सम्बंध में जागरूकता उत्पन्न की जाए।

(आनन्द कुमार सिंह)
जिलापूर्ति अधिकारी,
प्रयागराज।

# शीतकालीन अवकाश में कक्षाएं लगाने का फैसला अव्यवहारिक तथा अतार्किक : डॉ. तरसेम कौशिक



कुरुक्षेत्र हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) के राज्य उपप्रधान डॉ. तरसेम कौशिक ने शिक्षा विभाग द्वारा शीतकालीन अवकाश में 10 वीं व 12 वीं के विद्यार्थियों की कक्षाएं लगाने के फैसले को अव्यवहारिक तथा अतार्किक बताया है। डॉ. तरसेम कौशिक ने कहा कि हसला संगठन द्वारा निदेशक माध्यमिक शिक्षा निदेशालय को पत्र लिखकर शीतकालीन अवकाश में कक्षाएं न लगाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हित में सभी शिक्षक ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाने के लिए तैयार हैं। डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि हरियाणा सहित उत्तर भारत में इस समय प्रचंड शीतलहर चल रही है तथा घना कोहरा छाया रहता है। ऐसे मौसम में विद्यालयों में जाकर पढ़ाई करना केवल समय की बर्बादी है क्योंकि शीतलहर में न तो शिक्षार्थी ठीक ढंग से पढ़ पाएंगे तथा न ही शिक्षक ठीक से पढ़ा पाएंगे। शिक्षा विभाग द्वारा हर वर्ष भीषण सर्दी व शीतलहर को देखते हुए 1 जनवरी से 15 जनवरी तक अवकाश घोषित किया जाता है ताकि विद्यार्थी घर पर ही रहकर विद्यालय में करवाए गए पाठ्यक्रम की दोहराई कर सकें। डॉ. तरसेम कौशिक ने कहा कि शिक्षा विभाग फौरी तौर पर विद्यार्थियों की पढ़ाई की चिंता करता है परंतु जमीनी हकीकत कुछ ओर है। उन्होंने कहा कि ट्रांसफर ड्राइवर की वजह से बहुत से विद्यालयों में शिक्षक नहीं है तथा इसके अतिरिक्त ज्यादातर शिक्षकों की ड्यूटी पीपीपी में लगी हुई है। कभी इलेक्शन ड्यूटी तो कभी कोई अन्य गैर शैक्षणिक कार्य। नवम्बर– दिसंबर माह में प्राध यापकों व अध्यापकों को शिक्षा विभाग द्वारा गैर शैक्षणिक कार्यो में उलझाए रखा। डॉ कौशिक ने कहा कि शीतकालीन अवकाश के दौरान शिक्षकों के पूर्व निध ारित कार्यक्रम होते है। शिक्षा विभाग द्वारा 10 वीं तथा 12 वीं के विद्यार्थियों को टैबलैट्स प्रदान किए हैं तथा विद्यार्थियों को टैबलैट के माध्यम से पढ़ाया जा सकता है। अतः विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग द्वारा शीतकालीन अवकाश के दौरान कक्षाएं लगाए जाने के अव्यवहारिक फैसले को वापस लेते हुए विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाने का पत्र जारी करना चाहिए ताकि शीतकालीन अवकाश में विद्यार्थी घर पर ही रह कर अपना अध ययन कर सकें। उन्होंने कहा के ज्यादातर विद्यालयों में शिक्षक स्वयं ही अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर विद्यार्थियों की पढ़ाई करवा रहे हैं ताकि उनका वार्षिक परीक्षा परिणाम अच्छा आ सके।

## प्रेस नोट

आज दिनांक 02-01-2023 नववर्ष-2023 में कार्यालय खुलने के प्रथम दिवस पर श्री संजय कुमार खत्री, जिलाधिकारी, प्रयागराज द्वारा श्री सौरभ शर्मा पुत्र स्व0 विपिन कुमार शर्मा निवासी देवरी कला, पोस्ट-वीरपुर खाई, तहसील-करछना, प्रयागराज को कलेक्ट्रेट अधिष्ठान, प्रयागराज में लिपिक संवर्ग में नियुक्ति आदेश प्रदान कर प्रथम कार्यालय दिवस का प्रारम्भ किया गया।

श्री सौरभ शर्मा के पिता विपिन कुमार शर्मा, संग्रह अमीन के पद पर तहसील करछना में कार्यरत थे, जिनकी सेवाकाल में कैन्सर रोग से आकस्मिक मृत्यु हो गयी। जिससे परिवार के भरण-पोषण इत्यादि के निमित्त उक्त सेवायोजन का निर्णय श्री सौरभ शर्मा के आवेदन पर लिया गया।

(मदन कुमार) 2/01/23
अपर जिलाधिकारी (नगर)
प्रयागराज।

### आदेश

कलेक्ट्रेट अधिष्ठान, प्रयागराज में उ0प्र0 सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली–1974 तथा यथा संशोधित नियमावली–2014 के अधीन निर्गत अधिसूचना संख्या 6/12/173/का–2टी0सी0–iv दिनांक 22.01.2014 के क्रम में जिलाधिकारी महोदय प्रयागराज के आदेश दिनांक 28.12.2022 के अन्तर्गत श्री सौरभ शर्मा पुत्र स्व0 विपिन कुमार शर्मा को मृतक आश्रित श्रेणी के रूप में लिपिक/सहायक सवंर्ग के वेतनमान 5200–20200, ग्रेड–पे 2000 (वेतन लेबल–3) में अस्थाई रूप से कनिष्ठ सहायक के पद पर निम्नलिखित शर्तो के अधीन नियुक्ति किया जाता है :–

| क. | नाम | पिता/मृतक कर्मचारी का नाम | पता | समुदाय/श्रेणी | जन्म तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्री सौरभ शर्मा | स्व0 विपिन कुमार शर्मा | ग्राम–देवरी कला,पोस्ट वीरपुर खाई, तहसील करछना, प्रयागराज | सामान्य | 10.12.1997 |

1. यह नियुक्ति निम्न शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन होगी :–

क–अभ्यर्थी द्वारा मृतक आश्रित नियमावली–1974 के प्रस्तर संख्या–5 (3) में उल्लिखित शर्त के अनुसार किसी ऐसे व्यक्ति का अनुरक्षण करने के लिये व उप नियम–5 (3) के अधीन उत्तरदायी होगा।

ख–अभ्यर्थी को इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि नियमावली दिनांक 22.01.2014 एवं परिषदादेश दिनांक 21.09.2016 के अनुपालन में कम्प्यूटर प्रचालन में डी.ओ.ए.सी.सी. "सोसाइटी" द्वारा प्रदत्त सी.सी.सी. प्रमाण पत्र या सरकारी द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त किसी संस्था द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा तथा आश्रितों के स्वावलम्बी होने व बहनों के शादी–शिक्षा–दीक्षा एवं भरण पोषण सम्बन्धी दायित्व के निर्वहन करेगा।

ख(1) यह कि गठित समिति द्वारा अभ्यर्थी की टंकण परीक्षा ली जायेगी, जिसमें हिन्दी टंकण की गति 25 शब्द प्रति मिनट अर्हय है।

ग–उक्त की सेवाए अस्थाई है व बिना कारण बताए किसी भी समय एक माह की नोटिस देकर समाप्त की जा सकेगी।

घ–यह कि वांछित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर दिये जाए और यदि पुलिस/एल.आई.यू. के आख्या में अभ्यर्थी के विरूद्ध कुछ भी प्रतिकूल तथ्य पाया गया तो नियुक्ति निरस्त कर दी जायेगी।

च–यह कि यदि नियुक्ति के बाद किसी भी समय यह तथ्य संज्ञान में आता है कि अभ्यर्थी प्रश्नगत पद के लिये अनर्ह है, तो गलत तथ्यों के आधार पर नियुक्ति प्राप्त कर लेने पर भी उक्त नियुक्ति निरस्त कर दी जायेगी।

छ–यह कि यह नियुक्ति–पत्र अभ्यर्थी को स्वतः स्थाई नियुक्ति का अधिकार नही देता है।

2. कार्यभार ग्रहण के समय अभ्यर्थी को निम्न सूचनाए/प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होगें :–

क–चरित्र एवं आचरण के सम्बन्ध में कालेज के प्रधानाचार्य का प्रमाण पत्र जहॉं अन्तिम बार अभ्यर्थी शिक्षा प्राप्त की है।

ख–चरित्र सम्बन्धी दो प्रमाण पत्र जो ऐसे राजपत्रित अधिकारियों द्वारा दिये गये हो, जो अभ्यर्थी के रिश्तेदार या सम्बन्धी न हो।

ग–निर्धारित प्रपत्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी इस बात का प्रमाण पत्र कि अभ्यर्थी मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य है तथा उसे ऐसी बीमारी नही है, जिससे कि वह इस पद पर नियुक्ति के लिये अनर्ह होता हो।

घ–कार्य भार ग्रहण करने हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।

ङ–अभ्यर्थी को निम्न प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करने होगें :–

(i)–अपने कर्जदार न होने का अदेयता प्रमाण पत्र।

(ii)–समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से सम्बन्धित घोषणा–पत्र, जिसका अभ्यर्थी स्वामी होगा।

(iii)–चरित्र सत्यापन के सम्बन्ध में प्रमाणिकरण प्रपत्र दो प्रतियों में सूचना।

3. परिवीक्षा अवधि :– अभ्यर्थी की नियुक्ति के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये परिवीक्षाधीन रहेगा, जो कि यथास्थिति एक वर्ष से अधिक के लिये बढ़ायी जा सकेगी। यदि परिवीक्षावधि में कार्य संतोषजनक नही पाया जाता है तो अभ्यर्थी की सेवा समाप्त की जा सकती है और जिसके लिये अभ्यर्थी किसी प्रतिकर का हकदार न होगा।

4. यदि उक्त शर्ते एवं प्रतिबन्ध स्वीकार हो तो सम्बन्धित अभ्यर्थी को कलेक्ट्रेट प्रयागराज के सामान्य अनुभाग में कनिष्ठ सहायक के पद का कार्यभार ग्रहण करने हेतु आदेश प्राप्ति के दिनांक से 15 दिनों के भीतर उपरोक्त वांछित अभिलेख/प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आदेश की प्राप्ति के दिनांक से 30 दिवसों के भीतर कार्यभार ग्रहण न करने पर नियुक्ति आदेश स्वतः निष्प्रभावी एवं शून्य हो जायेगा।

(संजय कुमार खत्री)
जिलाधिकारी, प्रयागराज।

कार्यालय जिलाधिकारी प्रयागराज।

संख्या 299 /जी0सी0–2023
दिनांक 3/02–01–2023

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट, प्रयागराज को इस अनुरोध से कि उपरोक्त अभ्यर्थियों के चरित्र सत्यापन सम्बन्धी आख्या जॉचोपरान्त अवगत कराने का कष्ट करें।
2. मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रयागराज को उपरोक्त अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण कराने हेतु।
3. मुख्य कोषाधिकारी प्रयागराज।
4. प्रभारी अधिकारी (सं0का0), कलेक्ट्रेट प्रयागराज।
5. आहरण वितरण अधिकारी, कलेक्ट्रेट प्रयागराज।
6. उप जिलाधिकारी करछना, प्रयागराज।
7. श्री सौरभ शर्मा पुत्र स्व0 विपिन कुमार शर्मा, नि0 ग्राम देवरी कला,पोस्ट वीरपुर खाई, तहसील करछना, प्रयागराज को इस निर्देश के साथ कि आदेश में उल्लिखित अभिलेखों/प्रपत्रों के साथ योगदान आख्या प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

(संजय कुमार खत्री)
जिलाधिकारी, प्रयागराज।

## सम्पादकीय

# साहित्य ही जीवन है डॉ व दीनानाथ शरण

साहित्य ही जीवन है के सिद्धांतों को अक्षरशः पालन करने वाले प्राध्यापक,साहित्यकार और समालोचक डॉ व दीनानाथ शरण सचमुच साहित्य के जगमगाते सितारे थे।इनका साहित्य जगत में अहम योगदान था।इनका जन्म26जून,1938 ई व को पटना के कदमकुआं में हुआ था।उनके पिता का नाम माधव शरण था,जो पेशे से अधिवक्ता थे।

इनकी शिक्षा पी एच वडी व तक हुई।ये जयशंकर प्रसाद के नाटकों में नारी विषय पर शोध प्रबन्ध लिखे थे। जिसमें शरण जी को सन् 1969 में पी एच व डी व की उपाधि प्रदान की गई।ये पढ़ाई में हमेशा अव्वल आते रहे।

आप जन्मजात प्राध्यापक थे।आपने अपने जीवन काल में आरंभ से ही हिन्दी लेक्चरर के रूप में 19जुलाई, 1959ई व में आपकी नियुक्ति देवघर कॉलेज में हुई। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने आपकी प्रतिभा से प्रभावित होकर आपको भारतीय सहयोग मिशन के अंतर्गत काठमांडू(नेपाल) में हिन्दी प्राध्यापक के रूप में 1965से1968तक पद्म कन्या कॉलेज और त्रिभुवन विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभाग में हिन्दी प्राध्यापक का कार्य सौंपा गया था,जिसे शरण जी ने बखूबी निभाया।

शरण जी का साहित्य सृजन एवं अभिरुचि विद्यालयीय जीवन काल से ही था।इनकी प्रथम रचना कालेजिएट स्कूल की पत्रिका में प्रकाशित हुई थी।साहित्य जगत में शरण जी की प्रथम रचना कविता है।जिसका शीर्षक है ऋप्रसून के प्रति जो सन् 1954में देवघर की साहित्यिक पत्रिका प्रकाश में प्रकाशित हुई थी।

दीनानाथ शरण जी को साहित्य में अग्रसर करने का श्रेय प्रो व शिवनंदन प्रसाद को जाता है,जो पटना कॉलेज में हिन्दी प्राध्यापक थे।साहित्य सृजन के क्षेत्र में खासकर समालोचना के विधा में उन्हीं से प्रेरित होकर शरण जी सुप्रसिद्ध समालोचक बन पाए।उन्हीं के निदेशन में शरण जी की पुस्तक हिन्दी काव्य में छायावाद 1957ई व में छपी।शरण जी को उन्हीं दिनों लगातार तीन वर्षों तक निबंध प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् के द्वारा प्राप्त हुए।1979ऋ85 ई व में श्रीगोविंद कॉलेज ,पटना सिटी में आप हिन्दी विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत रहते हुए उन्हें काफी सताया गया।वेतन भुगतान बंद करवाया गया।लेकिन ये हार नहीं माने।परिश्रम एवं संघर्षरत रहते हुए उन्होंने गेस, नोट्स लिखकर अपने परिवार का जीवन निर्वाह किया।

शरण जी की कहानियों का संग्रह नई दृष्टि रूनया आलोक 1958 ई व में प्रकाशित हुई थी।जो महत्वपूर्ण थी।

छात्र जीवन में स्वरचित उपन्यास नारी तुम केवल श्रद्धा हो आनन्द पुस्तक भवन वाराणसी से प्रकाशित हुई ,जो काफी प्रसिद्धि पाई थी।

इनकी रचनाएं भारत के विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में छपी।जैसेऋ विश्वमित्र,प्रदीप,आर्यावर्त, हिंदुस्तान , नवभारत टाइम्स,सन्मार्ग,सरस्वती,मंगलदीप, अंकुर बुलेटिन ,खालसा पंथ इत्यादि।

इन्हें व्यंग्य ललित निबंधों में भी सराहना की गई।जैसेऋसड़क सबकी भाभी,उल्लू पर उलूल ऋजुलूल,गणतंत्र सब की गणिका , कबिरा कुत्ता राम का इत्यादि। शरण जी जब पटना विश्वविद्यालय में एम व ए व के छात्र थे।तभी उनकी पुस्तक हिन्दी काव्य में छायावाद जो आगरा से गया प्रसाद एण्ड सन् स प्रकाशन में छपी थी।यह पुस्तक राजस्थान विश्वविद्यालय में एमव ए व पाठ्यक्रम में पढ़ाई जाती थी।ऐसा सौभाग्य पाने वाले संभवतः ये प्रथम व्यक्ति थे।विश्वविद्यालय अध्यापन कार्य काल में और कई विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शरण जी की पुस्तकें चार चांद लगा रही थी।

ख्12ध्28, 1रू15 च्ड, त्तरू समालोचना के क्षेत्र में इनके सृजन की प्रशंसा होती रही। शरण जी के समालोचना विधा में विख्यात ग्रंथ हैं।जैसे ऋछायावाद विश्लेषण और मूल्यांकन,लोकप्रिय बच्चन,पुनर्मूल्यांकन,राष्ट्रीय समग्रता में साहित्य, नेपाली साहित्य का इतिहास इत्यादि। इन्हें मार्किवस जो प्रसिद्ध प्रकाशन संस्था यू व एस व ए व में थी।यहां इन्हें काफी शोहरत एवं प्रसिद्धि प्राप्त हुई।यहां इनके जीवन परिचय को सुप्रसिद्ध ग्रंथ हू इज हू इन द वर्ल्ड में स्थान दिया गया।जो हर्ष एवं गर्व की बात है।शरण जी को साहित्यिक उच्च पदऔर पुरस्कारनहीं दिये गए ,जिसके ये हकदार थे।ये अवश्य ही खेद की बात है। इनके द्वारा शिक्षण एवं साहित्य के क्षेत्र में अति महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।इनसे हमलोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए।इनके द्वारा किए गए साहित्यिक कार्य सदैव अविस्मरणीय रहेंगे।इनका देहावसान पटना में 2दिसम्बर,2017को हुआ।यह तिथि हम भारतवासियों के लिए दुःख की घड़ी रहेगी। इन्हीं के समान साहित्य सृजित करने वाला साहित्यकार बनकर राष्ट्र की सेवा कर उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने में सफल हो सकते हैं। वे हमारे बीच नहीं हैं,लेकिन उनकी यादें और गुण हमेशा हम सभी के साथ रहेंगे। शरण जी के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप मेरे दो शब्द साहित्य में दिया अमूल्य योगदान वे थे साहित्यकार शरण। अपनी बहुमुखी प्रतिभा के कारण लोग इन्हें करते नमन। दुर्गेश मोहन (शिक्षक) समस्तीपुर, बिहार

# जरूरत



किसी चीज की जरूरत हमारे लिए कितनी जरूरी है, यह उसकी जरूरत पर निर्भर करती है। कभी–कभी हमारी ऐसी जरूरतें होती हैं जो हमें परेशान कर देती हैं, जिनको प्राप्त करना बहुत जरूरी हो जाता है। जब–जब जुल्मों ने सताया, कहर बरपाया, तो उनका सामना करना जरूरी और मजबूरी हो गया। कभी ऐसा भी देखा गया है कि बारिश धानों की फसल को बहुत जरूरी नहीं है, लेकिन फिर भी बादलों को बारिश करना जरूरी हो जाता है और बूंदें भी, धानों के ऊपर गिरना जरूरी समझती हैं। जरूरत–जरूरत की बात है कि कौन–सी जरूरत के लिए कौन–सा काम जरूरी है? कौन–सी जरूरत के लिए कौन–सा समय जरूरी है? हालांकि ऐसे प्रश्नों पर समय और दिमाग लगाना हमारे लिए जरूरी भी नहीं है, लेकिन कुछ लोग स्वभाव से होते ही ऐसे हैं जो अपने तर्क, दूसरों पर लादना बहुत जरूरी ही नहीं,अपना फर्ज भी समझते हैं। कुछ लोग तो गैरजरूरी कामों को भी ,बड़ी मेहनत से करते हैं ,जानते हो क्यों? क्योंकि उनके पास करने के लिए कोई दूसरा जरूरी काम होता ही नहीं है।

जब किसी बच्चे का गृह कार्य पूरा न हो तो उसको बहाना खोजना कुछ ज्यादा ही जरूरी हो जाता है और फिर शिक्षक उसके बहाने को बहाना मानेगा या फिर सच्चाई, यह उस शिक्षक की जरूरत है हालांकि कुछ अनुशासित शिक्षकों के लिए यह बहुत जरूरी मुद्दा बन जाता है। अक्सर देखा जाता है कि दोपहिया वाहनों पर अपनी–अपनी जरूरतों के हिसाब से तीन–तीन लोग सवार हो जाते हैं, लेकिन यह जरूरी तो नहीं कि वे पुलिस की जरूरतों का शिकार नहीं होंगे, क्योंकि पुलिस वालों को भी, अपनी जरूरतों के अनुपात में वाहनों के चालान करने होते हैं, और अपने घर की जरूरतों के अनुसार खर्च चलाने के लिए, जेब–खर्च निकालना भी जरूरी होता है।

जिंदगी को जिंदादिली से जीने के लिए कुछ ऐसे काम बहुत जरूरी होते हैं जो भले ही जोखिम भरे हो लेकिन जरूरतें पूरा करने के लिए हम उनको सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं जरूरी समझते हैं।

अतुल कुमार शर्मा,
सम्भल(उत्तर प्रदेश)

# 2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



खुदा के रहमतों से बीता साल 2022 बड़ा संघर्षमय रहा, कुछ खुशी के पल भी नजदीक आये तो कुछ घरेलू मसलों ने जैसे मायूस ही कर दिया ऐसा प्रतीत हो रहा था, कि मेरा साहित्यिक जीवन वहीं समाप्त हो जायेगा, परंतु छोटे–बड़े कई ऐसे शखि्सयत से राब्ता हुआ और उनके हौसले ने मुझे साहित्यिक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

साल 2022 इसलिए भी अहम रहा क्योंकि मेरा ख्वाब था, कि मैं ष्हजरत खघ्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्तीष अजमेर शरीफ का जियारत करूँ और अल्लाह के करम से ष्हजरत खघ्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्तीष के साथ–साथ ष्सैय्यद हाजी वारिस अली शाहष देवा शरीफ, बाराबंकी और ष्हजरत सैयद अब्दुल रज्जाक बाबा बांसा शरीफ बाराबंकी का जियारत भी नसीब हुआ। साथ ही साल 2022 के आखिरी पड़ाव में तारागढ़, अनासागर, पिंकसिटी, हवामहल, जलमहल, जयपुर राजस्थान के साथ–साथ मोहब्बत की नगरी और शाहजहाँ के मोहब्बत की निशानी मुमताज महल का मकबरा ष्ताजमहलष को भी देखना नसीब हुआ।

साल 2022 में कुछ नये रिश्तों की नींव पड़ी तो कुछ पुराने रिश्तों में नमी आई और अगर मेरे साहित्यिक जीवन की बात करू तो कुछ ज्यादा ही खघ्ुशी महसूस होता है, क्योंकि मेरे बुलंदियों का सिलसिला यहीं से शुरू होता है जिसमें वरि, कवि श्री सुधीर श्रीवास्तव गुरु जी का अहम योगदान रहा, मैं उनका शुक्रिया अदा करता हूँ, जिनके बदौलत साहित्यिक क्षेत्र में मुझे कई उपलब्धियां मिली, ये अलग बात है कि घरेलू मसलों की वजह से कई लोगों से राब्ता न हो सका शायद? वो मुझसे नाराज भी होंगे और उनका नाराज होना जायज है, मुझे अपने गलतियों का अहसास है, और उन सभी से माफी भी माँगता हूँ।

मैं चाहता हूँ 2022 के गिले शिकवे भुलाकर 2023 में एक दूसरे को गले लगा कर एक नये रिश्ते का आगाज हो, इसलिए मुझसे जुड़े सभी छोटे–बड़े को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं आशा करता हूँ कि 2023 का साल खुशियों से भरा हो और हंसी, ताजगी से चमके 2023 साल में सारी ख्याहिशें पूरी हों जो 2022 में अधूरी रह गई हों पूरा परिवार खुश, स्वस्थ बेहतरीन रहें नया साल धमाकेदार हो व ढेर सारी खुशियां आएं आपके घर और आप सभी लोगों से आग्रह है कि नये विचारों को मस्तिष्क में समाहित करें मैं कामना करता हूँ कि 2023 का साल खुशी से बीते और सभी में प्रेम की धारा बहती रहे।

शेख रहमत अली बस्तवी
बस्ती (उ, प्र,)
7317035246

# बथुए से हों लाभान्वित



आइए, सर्दियों में मिलने वाली सस्ती और हरी सब्जी बथुए से अधिकाधिक कैसे लाभान्वित हो सकते हैं? आजकल के लिए लाभदायक बथुआ का सेवन करने से क्या फायदा उठा सकते हैं आप?

बथुआ में पाए जाने वाले पोषक तत्वबथुआ के साग में कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बथुआ में पर्याप्त मात्रा में विटामिन बी2, बी3, बी5, विटामिन–सी, कैल्शियम, लोहा, मैग्नीशियम, मैगनीज, फॉस्फोरस, पोटैशियम, सोडियम पाया जाता है। इसके अलावा बथुआ में पर्याप्त मात्रा में मिनरल्स भी होते हैं। सर्दियों में बथुआ के साग का सेवन मीट से ज्यादा प्रोटीन दे सकता है। बथुआ का साग के सेवन के फायदे –रू

1–अपच की समस्या होती है दूरसर्दियों में बथुआ के साग के सेवन के कई सेहतमंद फायदे हैं, उस में से एक पाचन संबंधी समस्याओं से राहत दिलाना है। बथुआ में प्रोटीन और सोडियम पाया जाता है। सर्दी में बथुआ के साग में नमक मिलाकर खाने से पेट दर्द, कब्ज, उल्टी आदि समस्या से निजात मिलता है। पेट में कीड़ों की शिकायत भी दूर होती है।

2–जिन महिलाओं को मासिक धर्म यानी पीरियड्स से जुड़ी समस्याएं होती हैं, उन्हें बथुआ के साग का सेवन करना चाहिए। यह सेहत के लिए काफी लाभकारी होता है। रूक रूक कर पीरियड आने की समस्या के समाधान के लिए बथुआ का जूस मदद करता है।

3– मूत्र संबंधी समस्या से राहत

सर्दी के मौसम में अक्सर लोगों के शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इसके कारण मूत्र संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। सर्दी में कम पानी पीने से यूरिन के दौरान जलन और दर्द हो सकता है। इस तरह की परेशानी से राहत पाने के लिए बथुआ के साग में नमक, जीरा और नींबू मिलाकर उबाल लें। इसका सेवन करने से मूत्र संबंधी दिक्कत से राहत मिल सकती है।

4– खून साफ करता हैशरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थ को दूर करने के लिए बथुआ का सेवन करें। बथुए का सेवन खून साफ करने में मदद करता है। ब्लड सर्कुलेशन को ठीक करने के लिए बथुआ में नीम की पत्तियां मिलाकर सेवन करें।

5– कील मुहांसों से छुटकारा

अगर त्वचा संबंधी परेशानी है और चेहरे पर कील मुंहासे होते हैं तो बथुए का सेवन करना चाहिए। बथुआ का नियमित सेवन त्वचा को रोग मुक्त करता है। बथुआ का सूप या जूस नमक और नींबू का रस मिलाकर पीने से मुंहासे, फोड़े, दाद, खुजली आदि की शिकायत को दूर कर सकते हैं।

लेखिका – सुषमा श्रीवास्तव,
रुद्रपुर, उत्तराखंड।

# अलविदा २०२२, स्वागत २०२३



मां शारदे की कृपा से २०२२ का संघर्षमय समापन संभवतः मेरी अब तक की जिंदगी का चमत्कार ही है और यह चमत्कार मां शारदे का आशीर्वाद मिश्रित साहित्यिक जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों, माता पिता तुल्य अग्रज, अग्रजा त वरिष्ठों, हम उम्र और छोटे भाई बहनों और सबसे खास उन आभासी दुनिया की छोटी, बड़ी बहनों का स्नेह दुलार आशीर्वाद और अपनत्व सरीखे दिशा निर्देश का परिणाम है। विश्वास कीजिए जो बड़ी हैं उनसे तो कम मगर कई छोटी बहनों से मुझे आज भी डर लगता है। ताज्जुब में कि हम कभी मिले नहीं है। मगर छोटी बहनों के सर्वाधिकार लड़ने के खौफ से कांप जाता हूं।खैर....। यह मां शारदे की बड़ी कृपा है कि आज मेरा साहित्यिक परिवार कल्पनाओं से भी बहुत बड़ा है। जिसकी परिधि सात समंदर पार तक है। मुझे यह कहने में संकोच नहीं है कि ऐसा भावनात्मक अपनत्व अच्छे अच्छों के भी नसीब में नहीं होता। वर्तमान में मेरी कुल जमा पूंजी यही है। जिसकी बदौलत मैं लड़खड़ाने के बावजूद संभल पाने में सफल हो पा रहा हूं।

२०२२की पहली तिमाही से आभाषी दुनिया से मंचीय दुनिया में कदम रखकर आगे बढ़ने का मौका मिला। व्यक्तिगत मुलाकातों का सिलसिला शुरू हुआ।जो अनवरत जारी है। स्वास्थ्य की दुश्वारियां परीक्षा लेती रहीं।कई विशेष अवसर स्वास्थ्य कारणों से हाथ से फिसल गए।अनेक उपलब्धियां हासिल हुई।अनेक नये संपर्क बने तो कुछ प्रगाढ़ संपर्क संबंधित के अहमं की वजह से मन कसैला कर गये। अनेक संस्थाओं,पटलों पर जिम्मेदारी मिली तो सनातन धर्म परिषद और प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा जैसी बड़ी संस्थाओं में भी बड़ी जिम्मेदारी मिली। आभासी रिश्ते भी वास्तविक रिश्ते में बदल गये। राखी का बंधन दिल को छू गया। कुछ लोगों से मुलाकात का सुनहरा अवसर हाथ से फिसल गया।तो कुछ मुलाकातें अप्रत्याशित रहीं।

इस वर्ष २०२२ में बड़ी मां के अलावा प्रेरक व्यक्तित्व वरिष्ठ कवि श्रद्धेय यज्ञराम मिश्र यज्ञेश जी और आभासी रिश्ते की बड़ी बहन वरिष्ठ हस्ताक्षर कमलेश सक्सेना सहज दीदीऔर कुछेक अन्य साहित्यिक विभूतियों का दुनिया से जाना हिलाने वाला रहा।अनेक साहित्यिक पृष्ठभूमि के लोगों के साथ हुई दुर्घटनाओं न विचलित किया।सबसे अंत में अक्टूबर २२ में पक्षाघात के दूसरे प्रहार ने निजी क्षति पहुंचाई। परंतु अनगिनत लोगों का संबल हौसला देता रहा। अनेक साहित्यिक विभूतियों काघर आना, मिलकर हौसला बढ़ाना अमूल्य निधि है। जिसकी कल्पना दिवास्वप्न सी लगती है। परंतु यही तो अपनापन है।जो आभासी माध्यम से शुरू तो हुआ लेकिन वास्तविकता के धरातल पर आ पहुंचा।दो दर्जन से अधिक पुस्तकें समीक्षार्थ प्राप्त हुई। कुछेक को छोड़कर अधिसंख्य स्वास्थ्य कारणों से अभी तक अपठनीय हैं।जिसका खेद भी है।अनेक खट्टी मीठी यादों मिश्रित २०२२को बिना किसी शिकवा शिकायत के अलविदा।२०२३ का स्वागत सुधीर श्रीवास्तव गोण्डा उत्तर प्रदेश 8115285921

# क्योंकि समर शेष है !




समर शेष है नहीं पाप का भागी केवल व्याध
जो तटस्थ हैं समय लिखेगा उनके भी अपराध

हिंदी साहित्य के दिनकर की यह अमर पंक्तियां जीवन के शाश्वत सत्य को उद्घोषित करती है । अनादि काल से आज तक जीवन में दो तरह की मनोवृति आ पाई जाती है । व्यक्ति या तो समर्थन में रहता है या विरोध करता है । जिन लोगों ने अपनी एक निश्चित धारणा या आग्रह बना रखा है वे बिना किसी तर्क के साथ में खड़े रहते हैं ।

एक वर्ग ऐसा भी है जो सक्षम तो है लेकिन वह घटनाओं पर बिल्कुल तटस्थ बना रहता है । सबकुछ जानने समझने के बाद भी वह कुछ करने को तैयार नहीं होता । ऐसे लोग या तो किसी पूर्वाग्रही बंधन में बंधे होते हैं या फिर वे जानबूझकर सुविधाजनक दूरी बनाए रखते हैं । ऐसे लोग समर्थ होने के बावजूद किसी अनीति अनाचार अत्याचार को रोक नहीं पाते । वह सत्य के साथ नहीं खड़े दिखाई देते जबकि वे सत्य को जानते हैं । वे असहाय बनकर अपनी आंखों के सामने अनीति अत्याचार होने देते हैं ।

महाभारत के बहुत सारे पात्र इस तटस्थता के शिकार रहे हैं । परिणाम स्वरूप महाभारत का युद्ध संभावित हुआ । जय पराजय के बीच झूलता महायुद्ध तटस्थ महा योद्धाओं के कारण लंबा खींचता चला गया । ऐसे लोगों पर योगेश्वर कृष्ण के उपदेश का भी असर नहीं हो पाया।

यह एक शाश्वत सत्य है कि अंततः विजय सत्य एवं न्याय की ही होती है । असत्य अन्याय अत्याचार को पराजित होना ही पड़ता है । महाभारत में भी असत्य नीति अन्याय को हारना पड़ा ।

आज सदियां बीत जाने के बाद भी महाभारत का महायुद्ध अनेक अनुत्तरित प्रश्न छोड़ गया है । उसी यक्ष प्रश्न को महाकवि दिनकर ने प्रमुखता से उठाया है । जो लोग सामने स्पष्ट दोषी दिखाई दे रहे थे उन्होंने अपने कर्मों की सजा भी प्राप्त की । वे आजतक खलनायक से दिखाई पड़ते हैं । जो लोग तटस्थ बने रहे उनपर उंगलियां उठाई जाने लगी है । इतिहास उन्हें भी अपराध में बराबर सहयोगी मानता है ।

जीवन के महाभारत का युद्ध कभी समाप्त नहीं होता । सत्य असत्य का संघर्ष निरंतर जारी है । हिंदुस्तान के विभाजन जैसी कई घटनाएं इसकी साक्षी है । समर्थ लोग चुप्पी साधे बैठे रहे और देश का विभाजन हो गया । इस कथित तटस्थता की सजा आने वाली कितनी पीढ़ियों को कष्ट देती रहेगी ।

इतिहास अन्यायपूर्ण घटनाओं के प्रति मूकदर्शक बने रहे कथित तटस्थ लोगों को भी अपराधी मानता है , क्योंकि ष्समर शेष हैष

रमेश चंद्र शर्मा
इंदौर

# अंतिम अध्याय कभी नहीं लिखा गया

कोई अंतिम अध्याय कभी नहीं लिखा गया, क्योंकि हर बार कुछ नया लिखा जाना बाकी होता है। तो, नए साल में क्या यह संकल्प बेहतर न होगा कि कुछ संकल्प अधूरे ही रह जाएं। नया साल शुरू होने के पहले ही, जाते साल के आखिरी शनिवार तक आते–आते मेरे पास इतने कैलेंडर और संकल्प पत्र इकट्ठे हो गए कि संकल्पों और तारीखों की खाली जगहें आक्रांत हो उठीं। यह अनुभव पिछले सालों से बिल्कुल अलग था। सत्ता, पैसे, आकांक्षाओं और अमरता के अहसास की रातों से मुक्ति पाने की कामना से भरा सुंदर जीवन शायद ही सबको नसीब होता है। अमूमन 'मैं तो सब छोड़कर आराम से अपनी दुनिया में रहूंगा' कहने वाले भीतर ही भीतर अपनी श्रद्धांजलि के विज्ञापन की प्रूफरीडिंग तक खुद करके जाने को बेकरार पाए जाते हैं।ओह, शायद ये भी एक किस्म की 'गैसलाइटिंग' है। मेरे एक साथी का संदेश कहता है, मरियम–वेब्स्टर डिक्शनरी ने गए साल का सबसे बड़ा शब्द चुना है – 'गैसलाइटिंग'। इसे एक हजार सात सौ चालीस प्रतिशत अधिक खोजा गया। ये हमारी जिंदगी में आने वाले नए साल की नींव में लगा खिलखिला रहा है।मैंने डिक्शनरियां छानना शुरू किया। हर डिक्शनरी ने साल के कुछ शब्द छांटे हैं। हम क्या हैं, क्या देखना चाहते हैं, क्या सोचते हैं और क्या करते हैं – इन शब्दों की एक झलक से पता चलता है। 1938 के आसपास एक नाटक खेला गया और उसी नाटक पर एक फिल्म भी बनी, 'गैसलाइट'। कहानी यह है कि पति, पत्नी को यह विश्वास दिलाने की कोशिश कर रहा है कि वह पागल हो रही है। कुछ रहस्यमय घटने लगता है। घर की गैसबत्तियां बिना छुए मद्धम पड़ जाती हैं। पर पति बीवी को कहता है, ये मद्धम नहीं हुई हैं – शायद तुम खुद पर ही विश्वास नहीं कर पा रही हो।स तरह 'गैसलाइटिंग' एक क्रिया, एक संज्ञा बन गई है। यह भटकाव और अविश्वास का चालक शब्द है जिसमें शामिल है खुद के फायदे के लिए दूसरों को भ्रमित करने की कोशिश। मनोवैज्ञानिक तौर पर लंबे समय तक किसी को इस तरह 'मैनीपुलेट' करना कि उसे खुद के विचारों और यथार्थ पर ही संदेह होने लगे – गैसलाइटिंग है। यह इस कदर की जा सकती है कि आदमी अपना विश्वास खो दे और मानसिक अस्थिरता के चलते गैसलाइटिंग करने वाले पर ही आश्रित हो जाए। इरादतन साजिश के तहत झूठ की लंबी योजना का यह उपक्रम निश्चित ही हाल के साल का सबसे डरा देने वाला बिम्ब है।सोशल मीडिया, इवेंट–ब्रांडिंग, फेक न्यूज, डीप फेक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माहौल में यह देखना दिलचस्प होगा कि 'झूठ' सिर्फ व्यक्तियों या समूहों के बीच सीमित हो सकता है लेकिन 'गैसलाइटिंग' विराट अर्थों में व्यक्तिगत या राजनीतिक – दोनों में हो सकती है।

# भक्ति ही मानव कल्याण का साधन नीलमणि पालु दास महाराज




,भायंदर। जगतगुरु कृपालु जी महाराज के सुयोग्य पौत्र नीलमणि कृपालु दास जी का विलक्षण आध्यात्मिक अलौकिक प्रवचन भायन्दर के जेसल पार्क चौपाटी पर विगत 20 दिसंबर 22 से चल रहा है, जिसका तीन जनवरी 23 को विश्राम है ।अपने ग्यारहवे दिन के प्रवचन में महराज जी ने यह बताया कि हम सब जीव केवल भगवान की भक्ति से ही उनके आनंद की प्राप्ति कर सकते है । उन्होने इस बात को सिद्ध किया कि कर्म और ज्ञान के मार्ग का अगर आप ठीक ठीक पालन कर रहे हो तो उसका फल स्वर्ग मिलेगा और स्वर्ग का फल अनंत काल का नही होता । वह जैसे जैसे पुण्य क्षीण होता है आप नीचे के लोको में पटक दिए जाते हो इसलिए केवल कामना रहित होकर भगवान की भक्ति करने से ही मानव कल्याण संभव है । अपने प्रवचन में महराज जी ने वेद, पुराण, उपनिषद्, भागवद पुराण ,रामायण और गीता के उद्धरणों से यह सिद् किया की केवल भक्ति ही मानव कल्याण का साधन है। प्रवचन के आयोजक राधे राधे ग्रुप के सदस्य एड. सतीश चौबे, जी. के. सिंह, सतीश सिंह, रमेश सिंह, माधव, पवन शुक्ला, कमलेश उपाध्याय, महेश कब्डवाल, अशोक परसरामपुरिया , शिवरतन शर्मा, हुकुम सिंह यादव इत्यादि का विषेश योगदान है। प्रवचन में डा सुधाकर मिश्र पुरुषोत्तम पांडे, उमा शंकर तिवारी,शारदा पांडे, , अभयराज चौबे, अरविंद सिंह, अशोक सिंह, धैर्य शंकर सिंह एड राजकुमार मिश्रा, एच आर शर्मा, दिनेश दुबे,संतोष मिश्रा, आनन्द पाठक, राजिवमनी त्रिपाठी इत्यादि महानुभावों समेत भारी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

# सर्दियों में ग्रामीण इलाकों में लोगों का बदला जायका



सर्दियों का मौसम आते ही जनपद के ग्रामीण इलाकों में लोगों का जायका बदल गया है। ज्यादातर लोगों के घरों पर अपने खेतों में लगाई गई सब्जियां तैयार हो गई हैं ।पालक,मेथी, फूलगोभी, पत्तागोभी, टमाटर, बैंगन ,सेम सब तैयार है ।बलुई मिट्टी वाले इलाकों में नई आलू की खुदाई भी शुरू हो गई है। जिन्होंने सब्जियों की खेती नहीं की है बाजार में अच्छी आवक के चलते सब्जियां सस्ते में मिल रही हैं जिसके कारण घरों में व्यंजनों की धूम मची हुई है ।हरी धनिया और हरे लहसुन के पत्तों को पीसकर हरी मटर का निमोना सबको भा रहा है ।राई, बथुआ और चने का साग नये चावल के साथ खाकर लोग डकार रहे हैं ।मक्के के आटे से चूल्हे की आग पर बनी रोटी को साग और गुड़ घी के साथ खाना जहां सुबह के नाश्ते में शामिल है वहीं दोपहर के नाश्ते में नई आलू और मटर की हरी धनिया और हरे लहसुन के पत्तों को पीसकर बनी सलोनी शामिल है। स्कूलों की छुट्टियों के चलते घरों में बच्चे व्यंजनों की एक पर एक फरमाइश कर रहे हैं। पकौड़ी, समोसा और पराठे सब लोगों को खाया खिलाया जा रहा है। घरों में अलाव जलाकर तापते समय आलू भी भूनी जा रही है भुनी आलू का चोखा कौन नहीं खाना चाहता ? सब्जियों की अच्छी आवक और घरेलू सब्जियों की पैदावार के चलते ग्रामीण इलाकों की बाजारों जैसे बंधवा,जमुहर,जंघई, मीरगंज, मछलीशहर,पवांरा,गोधना, मोलनापुर,गरियांव, सतहरिया, मुंगराबादशाहपुर, सुजानगंज,बरसठी की सब्जी की दुकानें फीकी – फीकी लगती है इसके उलट मुर्गा, मछली,मीट और अण्डे की दुकानों पर बढ़े हुये दामों के बावजूद शाम होते– होते लोगों का ऐसा हुजूम उमड़ता है मानों छोटा– मोटा मेला लगा हो।

# नव वर्ष आयोजित अमृत सरोवर उद्घाटन समारोह में जरूरतमंदों को बांटे गए 800 कंबल

बहराइच कैसरगंज ब्लॉक के परसेंडी ग्राम पंचायत में गायत्री आश्रम के पास बने अमृत सरोवर का आज भव्य उद्घाटन किया गया इस मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने अमृत सरोवर का उद्घाटन किया और बताया जिले का सबसे अच्छा अमृत सरोवर ग्राम प्रधान द्वारा बनवाया गया हाय जो हाईवे से ही आकर्षण का केंद्र बना हुआ है पास स्थित गायत्री आश्रम की वजह से इसकी खूबसूरती में और चांद लग गए हैं इस सरोवर की गुणवत्ता देखकर एहसास होता है मोदी योगी के मापदंडों पर स्थानीय प्रशासन खरा उतर रहा है उद्घाटन के पश्चात आयोजित नव वर्ष के उपलक्ष में गांव गरीब के लोगों को कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया इस मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि विधायक सुभाष त्रिपाठी एसडीएम महेश कुमार कैथल वीडियो अजीत कुमार सिंह डीसी मनरेगा केडी गोस्वामी डीडीओ ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन नायब तहसीलदार ग्राम प्रधान रियाज अहमद ने मौजूद अतिथियों का माल्यर्पण कर स्वागत किया तद्पश्चात लोगो के विच जाकर कम्बबल वितरण किया गया तद्पश्चात सभी को भोजन करवाया गया इस मौके पर विधायक ने बताया क्षेत्र के लोगों के लिए हुजूरपुर की यात्रा अब सुगम हो जाएगी 33 करोड़ की लागत से सड़क व पुल का निर्माण का प्रस्ताव पास हो चुका है गांव गरीब की जनता को अब कैसरगंज घूम कर हुजूरपुर नहीं जाना पड़ेगा पुल बनने से स्थानीय जनता को हुजूरपुर इकौना पयागपुर करनैलगंज आज जगहों पर जाने के लिए अब दूर के रास्तों नही जाना पड़ेगा तत्पश्चात विधायक ने सरकार की नीतियों का बखान किया व अन्य नीतियों के बारे में लोगों तक पहुंचाने का काम किया खण्डविकास अधिकारी व ग्राम प्रधान की जमकर तारीफ की। मंच का संचालन कटका मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह ने किया इस मौके पर ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष कर्मजीत गुप्ता देवराज सिंह मोहम्मद तारीख खालिद अंसारी रियाज अहमद रिजवान अहमद शिवाजी अवस्थी चंद्रशेखर आजाद अनिल सिंह पूर्व प्रधान रजि अहमद अजय सिंह इबरार अहमद मो अहमद रामनिवास नसरूदीन इदरिसी समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद।

# रीवा जिला के महिला इकाई के रूप में संगठन की छठवीं किया का गठन

रीवा,मुख्य इकाई, किसान इकाई, यूवा इकाई, छात्र इकाई, भूतपूर्व सैनिक इकाई, के बाद संगठन द्वारा जिला महिला इकाई का किया गया गठन भारतीय सर्व सेवा संगठन प्रदेश नेतृत्व द्वारा रीवा जिला महिला इकाई के कार्य की समीक्षा करते हुए नई सूची किया जारी भारतीय सर्व सेवा संगठन प्रदेश नेतृत्व द्वारा महिला इकाई रीवा जिला के कई पदाधिकारियों खराब परफॉर्मेंस के बजह से किया गया बाहर । साथ में कई नए चेहरे को जिला महिला इकाई में दिया गया है मौका।

# खटिका गांव में दबंगों ने बधुआ मजदूर अरविन्द कुमार कोल के साथ की मारपीट

दि ग्राम टुंडे रीवा चीफ ब्यूरो उमेश पाठक मध्यप्रदेश

रीवा, मामला जवा थाना अंतर्गत ग्राम खटिका से सामने आया है जहा पर नावालिग बालक अरविंद कुमार कोल ने खटिका निवासी दबंगो के ऊपर मारपीट करने का आरोप लगाया है कि काम नही करने पर आज मेरे साथ टांगे के बेट से मारपीट की गयी, जब शिकायत करने जा रहा था तो गोली से मारने की धमकी दी जाती है सवाल यही की क्या 14 वर्ष के बालक से जबरजस्ती कार्य कराया जा सकता है यदि नही तो सही जांच कर दबंगो पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।

# पुलिस अधीक्षक रीवा और सीधी का उप पुलिस महानिरीक्षक पद पर हुई पदोन्नति



रीवा रीवा जोन ।क्ळ के.पी वेंकटेश्वर राव एवं डीआईजी रीवा मिथिलेश शुक्ला द्वारा आज नव वर्ष के उपलक्ष्य में रीवा पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन और सीधी पुलिस अधीक्षक मुकेश श्रीवास्तव का स्टार लगाकर उप पुलिस महानिरीक्षक पद की पदोन्नति दी । विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस पदोन्नत पर हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दिया है। इसी कड़ी में जिले के पत्रकारों ने भी पुलिस अधीक्षक के डीआईजी पद पर पदोन्नत की शुभकामनाएं दी।

# रसिक शिरोमणि श्रीमहंत माखनचोर दास महाराज का अष्ट दिवसीय जयंती महोत्सव 2 जनवरी से

वृन्दावन। गोविंद घाट स्थित अखिल भारतीय निर्मोही बड़ा अखाड़ा




(श्रीहित बड़ा रास मंडल) में रसिक शिरोमणि वैद्य भूषण श्रीमहंत माखनचोर दास महाराज का 132 वां अष्ट दिवसीय जन्म महामहोत्सव 2 से 9 जनवरी 2023 पर्यंत विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया है। महोत्सव के मीडिया प्रभारी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि श्रीमहंत लाड़िली शरण महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में प्रतिदिन प्रातः 9रू30 से 12रू30 बजे तक श्रीमद्भक्तमाल की कथा महंत बिहारी दास भक्तमाली के द्वारा कही जाएगी। 6 जनवरी को श्रीमहंत माखनचोर दास महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में प्रातः 9 बजे से मंगल बधाई समाज गायन होगा।तत्पश्चात पूर्वान्ह 11 बजे से संत–विद्वत सम्मेलन आयोजित किया गया है।साथ ही महंतों व विद्वानों का सम्मान किया जाएगा।इसके अलावा संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा आदि के कार्यक्रम होंगे।महोत्सव के संयोजक महंत दंपति किशोर महाराज ने सभी से इस महोत्सव में उपस्थित होने का आग्रह किया है।डॉ. गोपाल चतुर्वेदी 9412178154

# नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा 01 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार




जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व "नशा मुक्त अमेठी अभियान" के तहत दिनांक 01.01.2023 को उ0नि0 बीएल रावत थाना कमरौली मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त सोनू उर्फ मतीन पुत्र मोहम्मद मोफीस निवासी नेवाजमदारगढ़ थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी को पूर्बांचल एक्सप्रेसवे अंडरपास के नीचे से समय करीब 09रू05 बजे प्रातः गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त सोनू उर्फ मतीन के कब्जे से 01 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ । थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पतादृ

सोनू उर्फ मतीन पुत्र मोहम्मद मोफीस निवासी नेवाजमदारगढ़ थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 32 वर्ष ।

बरामदगी–

01 किलो 100 ग्राम गांजा ।

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही–

मु0अ0सं0 02620 धारा 8620 एनडीपीएस एक्ट थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी ।

गिरफ्तार करने वाली टीम–

1. उ0नि0 बीएल रावत थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी ।
2. हे0का0 बृजलाल मौर्या थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी ।
3. का0 मनोज कुमार विश्वकर्मा थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी ।

# एसपी के मास्टर प्लान के बाद एडिशनल एसपी विवेक लाल मनगवां थाना पहुंचे न्यू ईयर दौरान हुड़दंग ना हो उसके लिए पुलिस की तैयारी देखी

रीवा , ईयर सेलिब्रेशन के दौरान हुड़दंग मचाने और शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर नकेल कसने के लिए रीवा ैच नवनीत भसीन ने मास्टर प्लान तैयार किया है इस दौरान रीवा शहर के साथ जिले के सभी थानों में पुलिस को पूरे मुस्तैदी के साथ तैयार रहने के लिए निर्देशित किया गया है पूरे जिले की पुलिस 31 दिसंबर से लेकर 1 जनवरी तक हाई अलर्ट रहेगी एवं ड्रोन के माध्यम से पुलिस आसमान से नजर रखेगी रीवा एसपी के द्वारा तैयार किए गए मास्टर प्लान के तहत जिले की संवेदनशील थाना मनगवां में भी तैयारी की गई है इस दौरान एडिशनल एसपी विवेक लाल मनगवां थाना पहुंचकर निरीक्षण किया और शहर के मुख्य मार्गों पर भी घूमे थाना प्रभारी जेपी पटेल ने बताया है कि पुलिस बल नए साल की सुरक्षा तैयारी के साथ थाना क्षेत्र में काम करेगी सभी चिन्हित प्वाइंटों पर पूरी रात पुलिस तैनात रहेगी इस दौरान पूरे क्षेत्र में पुलिस की फ्लाइंग गस्त भी की जाएगी।

# कर्वी ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत दुगवां में पीएम आवास योजना भ्रष्टाचार की भेट चढी

आखिरकार ब्लाक कर्वी के ग्राम पंचायत दुगवां में कब तक होगा भ्रष्टाचार यह सोचने का विषय है चंद पैसे में बिकने वाला बृजेश कुमार गर्ग सचिव मान सिंह व खंड विकास अधिकारी आस्था पाण्डेय की नई कहानी चंद दिनों पहले सचिव आलोक कुमार ने घर–घर जाकर जांच किया जांच उपरांत आवासों में पाया गया कि इन लोगों के पास पक्के मकान हैं जिसकी फोटो लोकेशन साक्ष्य के तौर पर मौजूद है उसके बाद भी चंद पैसे में बिकने वाला सचिव मान सिंह व ग्राम प्रधान बृजेश कुमार ने एक नया कारनामा कर दिया अपात्रों को पात्र बताते हुए उन्हें आवास जारी कर दिया क्या हमारे जनपद में भ्रष्टाचार की नई जंग जारी है या ऐसे भ्रष्ट प्रधान व सचिव पर भ्रष्टाचार में लिप्त आस्था पाण्डेय खंड विकास अधिकारी की देख रेख में यह भ्रष्टाचार पनप रहा है या इन तीनों ने चंद पैसा लेकर के अपना अपना गिरेबान बेच दिया यह भी सोचने का विषय है नोडल और सचिव की जांच के उपरांत अपात्र किए गए लोगों को भी आवास दे देना कहां की महानता है यह दर्शाता है कि यह भ्रष्टाचार को एक नई जंग जारी रखने के लिए यह तय किया गया क्या योगी आदित्यनाथ जी की भ्रष्टाचार नीति यही है यह भ्रष्ट अधिकारी को कोई डर नहीं है जीरो भ्रष्ट बनाने का दावा करने वाले जिला अधिकारी को ही ऐसे भ्रष्टाचार नहीं दिखते क्या ऐसे लोगों के खिलाफ होगी कार्रवाई इसके पहले भी इसी ग्राम पंचायत से 3 सचिव निलंबित किए गए हैं और यहां के मुख्य भ्रष्टाचारी तुलसीराम डीपीआरओ भी यहां से हटाए गए हैं उसके बाद भी भ्रष्टाचारी अपनी कलम फसने का कतई डर नहीं रखते और अपात्रों को तत्काल आवास आवंटन कर देते हैं इससे यह प्रतीत होता है कि इसमें सिर्फ ग्राम प्रधान सचिव व खंड विकास अधिकारी के अलावा उच्च स्तरीय लोग भी शामिल हैं ऐसा विश्वास सूत्रों से पता चला है ग्राम पंचायत दुगवा में रमेश पिता श्याम बाबू मातादीन पिता रामगोपाल बुद्ध विलास पिता लोटन यह तीनों अपात्र किस श्रेणी में आते हैं उसके बाद भी इन्हें आवास आवंटन किया गया है और तो और यह तो साक्ष्य के तौर पर अभी दिया जा रहा है लेकिन जल्द ही ग्राम पंचायत दुगवा से 14 लोग अपात्र की श्रेणी में आते हैं उनकी जांच कराते हुए इन सभी अधिकारियों की रिकवरी कराई जाएगी

# एड लाल बहादुर सिंह के निधन पर भांडुप में शोक की लहर



मुंबई। भांडुप के समाजसेवी शिक्षाविद् मयाशरण सिंह की पुत्रवधू भांडुप निवासी अधिवक्ता हर्षिता विनीतकुमार सिंह के दादाजी आजमगढ़ जिले के वयोवृद्ध अधिवक्ता लालबहादुर सिंह का आजमगढ़ में निधन हो गया ।उनका वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। वे विगत एक सप्ताह से अस्वस्थ थे ।उनके निधन पर आजमगढ़ ही नहीं संपूर्ण उत्तर प्रदेश के लोग जो मुंबई में रहते हैं वे शोक संवेदना व्यक्त करने हेतु भांडुप स्थित मयाशरण सिंह के निवास पर पहुंचे थे। गौरतलब है कि लाल बहादुर सिंह 1956 से वकालत कर रहे थे। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए थे ।वे संघ के कुशल कार्यकर्ता व वरिष्ठ अधिवक्ता थे। उन्होंने राममंदिर के लिये अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था ।वे आजमगढ़ जनपद के अलावा कई जिलों में भी वकालत के लिए जाते थे। इमरजेंसी के समय लगभग 18 महीने तक वे जेल में रहें। वे अधिवक्ता परिषद के संस्थापक सदस्य व वर्तमान में राष्ट्रीय संरक्षक थे। वे उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के दो बार सदस्य भी थे। उनके आवास पर जिला जज जितेंद्र कुमार सिंह, अपर जिला जज जैनेंद्र कुमार पांडेय ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये साथ ही विंध्यवासिनी प्रसाद सिंह, अजय सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह ,डीजीसी फौजदारी पीयूष प्रियदर्शी त्रिपाठी, डीजीसी सिविल रामकृष्ण मिश्रा, एडीजीसी गोपाल पांडेय, दीपक मिश्रा, वीरेंद्र सिंह सहित भाजपा व आरएसएस से जुड़े सभी पदाधिकारी उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर

उनके जुड़वां पुत्रों जितेंद्र सिंह एवं हरेंद्र सिंह एवं उनके परिवार के सदस्यों का ढांढ़स बंधाया। वहीं मुंबई से उनके चाहने वाले लोग उनके त्रयोदश संस्कार में शामिल होने हेतु निकल चुके हैं।

# प्रख्यात संत श्रीपाद बाबा महाराज का 26वां समाराधन महोत्सव धूमधाम से संपन्न




वृन्दावन ।मोतीझील स्थित श्रीराधा उपासना कुंज में ब्रज अकादमी के द्वारा चल रहे प्रख्यात संत श्रीपाद बाबा महाराज का 26 वां त्रिदिवसीय समाराधन महोत्सव अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ ।प्रातः संतों व भक्तों के द्वारा सुंदरकांड का संगीतमय सामूहिक पाठ किया गया ।तत्पश्चात महंतों व महामंडलेश्वरों का सम्मान किया गया ।इसके अलावा निर्धनों, निराश्रितों व वृद्ध महिलाओं को ऊनी वस्त्र व खाद्य सामग्री का वितरण किया गया ।साथ ही संत–ब्रजवासी–वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा भी हुआ। महोत्सव में पधारे गीता आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी अवशेषानंद महाराज व चतुरूसम्प्रदाय के श्रीमहंत फूलडोल बिहारीदास महाराज ने कहा कि ब्रज अकादमी के संस्थापक पूज्य श्रीपाद बाबा महाराज अत्यंत सहज व उदार संत थे ।वे सभी का कल्याण चाहते थे ।उन जैसे संतों से ही ब्रज मंडल की शोभा है।

श्रीराधा उपासना कुंज के महंत बाबा संतदास महाराज व ब्रज अकादमी की सचिव साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिया ने कहा कि हमारे सदगुरुदेव पूज्य श्रीपाद बाबा महाराज नर सेवा को ही नारायण सेवा मानने थे ।पूज्य बाबा महाराज गौ, संत, निर्धन, निराश्रित एवं वृद्धों की सेवा में सदैव तत्पर रहते थे।

महोत्सव के समन्वयक डॉ. गोपाल चतुर्वेदी व युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा ने कहा कि श्रीपाद बाबा महाराज ब्रज संस्कृति के उन्नायक थे ।उन्होंने अपने समूचे जीवन में लोक कल्याण के अनेकों सेवा प्रकल्प संचालित किए। जिनका निर्वाह बाबा महाराज की प्रमुख शिष्या साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिया के द्वारा पूर्ण निष्ठा व समर्पण भाव से किया जा रहा है।

इस अवसर पर महामंडलेश्वर नवल गिरि महाराज,पूर्व पालिकाध्यक्ष पंडित मुकेश गौतम,संत हरिबोल बाबा महाराज, संत सेवानंद ब्रह्मचारी, आचार्य नेत्रपाल शास्त्री, मीरा अरोड़ा, डॉ. राखी सक्सैना (मुम्बई), अश्वनी माथुर,जीतू पाण्डेय, विमला देवड़ा,श्रीमती पिंकी माथुर, राजेश कुमार, शशिबाला, लक्ष्मण माहेश्वरी आदि की उपस्थिति विशेष रही। संचालन डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने किया ।रात्रि को प्रख्यात रासाचार्य स्वामी भुवनेश्वर वशिष्ठ की रास मंडली के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी लीला का अत्यंत मनोहारी मंचन किया गया।

# उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नव वर्ष के प्रथम दिन किया 155वीं बार रक्तदान और लगाया 431वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर




हरियाणा पुलिस में सबसे अधिक रक्तदान का गौरव प्राप्त है उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा कुरुक्षेत्र। राष्ट्रपति पुलिस पदक से अलंकृत, राष्ट्रीय स्वर्ण विजेता, डायमंड–शतकवीर रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नव वर्ष का शुभारम्भ रक्तदान शिविर के साथ स्वयं रक्तदान कर किया। हरियाणा पुलिस में सबसे अधिक रक्तदान करने वाले उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने जहाँ एक और स्वयं 155 बार रक्तदान किया वहीं दूसरी और उन्होंने बिना किसी बैनर के 431वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। उन्होंने आज 155 बार रक्तदान के साथ 72 बार प्लेटलेट्स दान करने का गौरव प्राप्त किया। कार्यक्रम में कृषि अधिकारी डॉ. विनोद कुमार वर्मा, सेवानिवृत मुख्य तकनीकी अधिकारी नरेश सैनी, शिक्षक एवं समाजसेवी भारतेन्दु हरीश एवं डॉ. अरुण धीमान मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हुए थे। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने अतिथियों और रक्तदाताओं को नव वर्ष की सुभकामनाएँ दी और कहा कि वर्ष का प्रथम दिन कोई न कोई पुण्य कार्य से करना ही श्रेष्यकर होता है। डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि रक्तदान अति पुण्य का कार्य है। नरेश सैनी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए। शिक्षक एवं समाजसेवी भारतेन्दु हरीश ने कहा कि डॉ. अशोक कुमार वर्मा रक्तदान के क्षेत्र में भीष्म पितामह की भांति युवाओं के प्रेरणा श्रोत हैं। डॉ. अरुण धीमान ने कहा कि उन्होंने भी डॉ. वर्मा से प्रेरणा लेकर रक्तदान करना आरम्भ किया था। शिविर में डॉ. कृष्ण कुमार ने विशेष रूप से पहुंचकर रक्तदान किया और कहा कि यह बहुत ही अच्छा कार्य है। शिविर में इन्होने किया रक्तदान– पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा 155 बार, रमन, कंवलजीत, कपिल अग्रवाल, सुभाष चंद 47वीं बार, डॉ. कृष्ण कुमार, देवेंद्र कुमार, सूबे सिंह, डॉ. विनोद कुमार वर्मा।

# मानव मित्र मंडल द्वारा मेधावी छात्रा को साइकिल भेंट की




कुरुक्षेत्र। मानव मित्र मंडल द्वारा नव वर्ष के शुभ आगमन पर मेधावी छात्रा को साइकिल भेंट की गई ताकि वह अपने कोचिंग सेंटर से घर तक आसानी से आ जा सके। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुलिस पदक से अलंकृत डॉ अशोक कुमार वर्मा प्रभारी जागरूकता एवं पुनर्वास नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो हरियाणा विशेष रुप से पधारे। वात्सल्य वाटिका के संचालक परम पूज्य स्वामी हरिओम दास जी द्वारा नव वर्ष पर उपस्थित सभी सदस्यों एवं मेधावी छात्रा को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर मानव मित्र मंडल के पदाधिकारी रमेश कौशिक, नरेश सैनी, भारतेंदु हरीश, डॉक्टर संजय कौशिक ,डॉक्टर अरुण धीमान आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षा प्राप्ति हेतु मेधावी छात्रों का सहयोग करना व उन्हें जागरूक करना आज के युग की सबसे बड़ी मांग है ताकि समाज को विभिन्न प्रकार की बुराइयों से बचाया जा सके और यह कार्य मानव मित्र मंडल द्वारा विभिन्न वर्षों से निस्वार्थ भाव से किया जा रहा है। मानव मित्र मंडल के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष प्रोफेसर राम रतन शर्मा जी के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में मानव मित्र मंडल हरियाणा के सभी जिलों में विद्यार्थियों को नियमित जर्सियां, पाठ्य सामग्री और शिक्षा शुल्क अर्थात फीस देकर निश्वार्थ भाव से सेवा कर रही है।

# पुलिस ने नवंबर माह में 3996 चालान कर लगाया 30 लाख 62 हजार का जुर्माना : सुरेंद्र




हेलमेट ना पहनने वालों के किए 950 चालान, ओवर स्पीड के किए 103 चालान, ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों को किसी भी सूरत में नहीं जाएगा बख्शा ।कुरुक्षेत्र 30 दिसंबर रू पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया ने कहा कि ट्रैफिक नियमों की सख्ती से पालना करवाने के लिए पुलिस प्रशासन दिन–रात मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहा है। जिसके फलस्वरूप पुलिस ने नवंबर 2022 में कुल 3996 चालान किए गए और इसके तहत 30 लाख 62 हजार रुपए का जुर्माना भी किया गया। इतना ही नहीं ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने पर 25 स्कूल बसों के भी चालान किए गए है ।पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया ने जानकारी देते हुए कहा कि ट्रैफिक नियमों की पालना करवाने के लिए कुरुक्षेत्र जिले को विभिन्न जोन में विभाजित किया गया जिसमें ईस्ट, वेस्ट और हाईवे शामिल है। इन जोनों में यातायात पुलिस की पीसीआर, राइडर व अन्य यातायात पुलिस दिन–रात कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कुल 3996 चालान किए है और इन वाहन चालकों पर 30 लाख 62 हजार रुपए का जुर्माना किया है। इन चालान में हेलमेट, सीट बेल्ट और अन्य तरह के चालान शामिल है ।उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस ने ओवर स्पीड के 103 चालान, बिना हेलमेट के 950 चालान, बिना सीट बेल्ट के 122 चालान, गाड़ी चलाते हुए मोबाइल का प्रयोग करने पर 2 चालान, शराब पीकर गाड़ी चलाने पर 1 चालान, लैन चेंज के 1195 चालान, ट्रिपल राइडिंग 38 चालान, गलत साइड ड्राइविंग के 595 चालान, गलत पार्किंग के 178, रेड लाइट जंप के 0 चालान, नियमों की पालना ना करने पर स्कूल बसों के 25 चालान, सीसीटीवी कैमरा के 845 चालान व अन्य 511 चालान किए गए है। इस तरह यातायात पुलिस द्वारा 3996 चालान करके 30 लाख 62 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि गाड़ी चलाते और पार्किंग करते समय नियमों की पालना करे ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। अगर कोई व्यक्ति ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करेगा तो उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# अच्छी स्क्रिप्ट और अच्छे निर्देशकों के साथ काम करना चाहती है पल्लवी सिंह



मुंबई। कहते हैं सब्र का फल मीठा होता है और यह कहावत फिट बैठती है अभिनेत्री पल्लवी सिंह पर! जी, हां कभी छोटे छोटे किरदारों से छोटे पर्दे पर अभिनय की शुरुआत करने वाली पल्लवी सिंह आज बड़े पर्दे पर धूम मचाने को तैयार है! बहुत जल्द पल्लवी कई हिंदी फिल्मों में नजर आयेंगी!बतादें कि पल्लवी सिंह ने सावधान इंडिया, क्राइम वर्ल्ड जैसे कई टीवी धारावाहिकों में भी काम किया है और निरंतर कर रही हैं लेकिन हाल ही में उन्हें हिंदी फीचर फिल्म "घोड़ी पे चढ़के आना" में महत्वपूर्ण किरदार मिला है जिसे लेकर वो काफी उत्साहित हैं और इस खघस रोल के लिए वो कडी मेहनत कर रही हैं !
पल्लवी कहती है –" मुझे कोई जल्दबाजी नहीं है! मुझे अच्छे किरदार, अच्छी स्क्रिप्ट और अच्छे निर्देशकों के साथ काम करना है और अच्छी चीजों में थोड़ा वक्त लगता है ! पल्लवी सिंह एकता कपूर को अपना आयडल मानती हैं और उनके साथ काम करना चाहती है पल्लवी का कहना है कि एकता कपूर के सभी धारावाहिक उन्हें बहुत पसंद है! वैसे तो पल्लवी को सभी तरह के किरदार पसंद हैं लेकिन उनका कहना है कि रोल दमदार होना चाहिए ! पल्लवी सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए देशवासियों को नए साल की शुभकामनाएँ दी और कहा कि 2023 बॉलीवुड के लिए बहुत अच्छा साबित होगा ! कोरोना महामारी के बाद फिल्म इंडस्ट्री थोड़ा परेशानी में थी लेकिन आने वाला समय फिल्म जगत के लिए बहुत शुभ और उपयोगी होगा ! खघूब सारी फिल्में बनेंगी और बॉक्स ऑफिस पर फिर से धमाल मचायेंगी!

# घोड़े की टक्कर से युवक की मौत

– रूझेई स्थित रामनाथ इंटर कॉलेज के खेल मैदान में एक युवक घुड़सवारी सीख रहा था। उसी दौरान साईकिल सवार अधेड़ टकरा गया हादसे में उसकी मौत हो गई। वहीं घुड़सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया , बेटी की तहरीर पर युवक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई । अपको बताते चलें कि टिकुरीमऊ निवासी कालीदीन कोटेदार सतयुग के यहां राशन लेने साइकिल से जा रहा था वह साइकिल से बीच मैदान में पहुंच गया । इस दौरान वहां से गुजर रहे घोड़े की टक्कर से वह जमीन पर सिर के बल गिर गए मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पति की मौत की खबर सुन पत्नी शिव कुमारी बेहाल है। उन्होंने बताया कि कोटेदार ने चार दिन पहले राशन देने के लिए बायोमेट्रिक मशीन पर अंगूठा लगवा लिया था । पर राशन नहीं दिया । कोटेदार समय से राशन दे देते तो शायद मेरे पति की मौत न होती।

# युवाओं को स्टार्टअप करने की जरूरत है... आशीष चौहान




कानपुर महानगर में चल रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत के 62 वें प्रांत अधिवेशन में दूसरे दिन आयोजित सत्र में राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने स्वाबलंबी भारत में छात्र शक्ति की भूमिका विषय पर छात्रों को संबोधित करते हुए बताया आज युवाओं को स्टार्टअप करने की जरूरत है। आज देश में कई जगह स्टूडेंट स्टार्टअप पॉलिसी घोषित हुई है, आज युवाओं को नए–नए सेक्टर में प्रयास करने की आवश्यकता है। दोपहर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत के 21 जिलों से आए 1000 कार्यकर्ताओं द्वारा बी. एन.एस. डी शिक्षा निकेतन विद्यालय के मैदान से शहर में शोभायात्रा निकाली गई जिसका शहर के लोगों द्वारा जगह जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, शोभा यात्रा का समापन घंटाघर चौराहे पर खुले अधिवेशन सत्र के साथ हुआ खुले अधिवेशन में राष्ट्रीय मंत्री साक्षी सिंह ने भारत की सांस्कृतिक शिक्षा विषय पर युवा तरुणाई को संबोधित करते हुए कहा वेदों पुराणों की धरती है। भारत की संस्कृति में नारी का सम्मान हमेशा से होता रहा है, भारतीय धरती वही धरती है जहाँ समानता का स्तर यहां तक था कि स्त्री व पुरुष आपस में शास्त्रार्थ तक किया करते थे। केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य अभय प्रताप ने प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितता विषय पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षाओं में हो रही लगातार अनियमितताओं को लेकर सरकार को संज्ञान लेने की आवश्यकता है, उन्होंने बताया कि यदि छात्रों को किसी भी तरह की समस्याएं होगी तो हमेशा ही विद्यार्थी परिषद छात्रों के साथ खड़ी रहेगी। केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य तान्या मिश्रा ने सांस्कृतिक पुनरुत्थान में सिनेमा की भूमिका विषय पर छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि सिनेमा समाज पर सकारात्मक व नकारात्मक दोनों प्रभाव डालता है बॉलीवुड सिनेमा में लगातार धार्मिक भावनाओं को आहत करने के साथ–साथ युवाओं में महिलाओं व अन्य व्यक्तियों के साथ दुर्व्यवहार को बढ़ावा मिला है। तो वही आशुतोष मिश्रा ने साइबर अपराध, शरद कुमार ने नशा मुक्त पर्यावरण युक्त परिसर, शिवा राजा बुंदेला ने सशक्त बेटी– समृद्ध राष्ट्र, बलराम द्विवेदी ने स्वाधीनता के 75 वर्ष विषय पर छात्रों को संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष राजशरण शाही, क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही, प्रांत अध्यक्ष डॉ. यतीन्द्र सिंह, प्रांत मंत्री विक्रांत अग्निहोत्री, प्रांत संगठन मंत्री अंशुल् विद्यार्थी, अनुज श्रीवास्तव, बृजनंदन राय, लुवकुश मौर्या, दिनेश यादव, विद्यासागर, आदित्य गजराज, अविनाश, गोपाल, दिग्विजय, सौम्या, शुभी, सुष्मिता व अभाविप् के कई पूर्व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया नया साल



कन्नौज। इंदरगढ़ कस्बा के दास कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर पर हर्षोल्लास के साथ नया साल मनाया गया। शिक्षकों व विद्यार्थियों ने नव वर्ष के प्रथम दिवस पर केक काटी। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्षोल्लास के साथ नए साल की आपस में खुशियां बाटी। शिक्षकों ने अपने विद्यार्थियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई देकर शुभकामनाएं दी। सभी का जीवन मंगलमय सुख शांति समृद्धि का प्रतीक बने। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकार एकता संघ के जिलाध्यक्ष दर्शन राजपूत ने एजुकेशन सेंटर के संस्थापक मोहम्मद मुनव्वर , विनीत कुमार के साथ हर्षोल्लास के साथ नया साल मनाया। एक दूसरे के सुख समृद्धि की ईश्वर से कामना की।

# स्व.गुलाब देवी शुक्ला की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित



कन्नौज। इंदरगढ़ क्षेत्र के बहोसी मे आज नववर्ष के उपलक्ष में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया । जिसमें आज ज्ञानपुर और नंदपुर खिरिया के बीच में मैच खेला गया। जिसमें ज्ञानपुर टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने के लिए नंदपुर खिरिया को मौका दिया। नंदपुर खिरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 86 रन बनाए। जिसके जवाब में उतरी टीम ने बल्लेबाजी करते हुए मात्र 66 रन पर ढेर हो गई। नंदपुर खेरिया को 20 रन से विजई घोषित किया गया। क्रिकेट मैच में शानदार प्रदर्शन करने पर प्रांशु मैन आफ द मैच दिया गया।


आवश्यकता है

झुग्गी झोपडी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
एवमं
JJ News Portal
के लिये उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले
के लिए संवाददाता, पेजमेकर आपरेटर, विज्ञापन प्रतिनिधि और एजेंसी / ब्यूरो चीफ बनने हेतु सम्पर्क करे !

सम्पादक - संजय कुमार यादव
9918366626 9454084311
पता
277/129, चकिया, जगमल का हाता,
पीएनबी एटीएम के पास


# क्षेत्राधिकारी को दी गई भावभीनी विदाई

कन्नौज ।क्षेत्राधिकारी शिव कुमार थापा की अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो जाने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। समस्त पुलिस अधिकारीध्कर्मचारियों द्वारा क्षेत्राधिकारी को भावभीनी विदाई दी गई। क्षेत्राधिकारी शिवकुमार थापा की अधिवर्षताआयु पूर्ण करने पर रखे गए विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक कन्नौज कुँवर अनुपम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डा0 अरविन्द कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर प्रियंका बाजपेयी, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी तिर्वा शिव प्रताप सिंह व समस्त थाना प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक एवं पुलिस कार्यालय के सभी शाखा प्रभारियों ने शिवकुमार थापा के जनपद कन्नौज के योगदान की भूरी भूरी प्रशंसा की। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा प्रेषित शुभकामना संदेश व पुलिस शील्ड प्रदान कर शुभकामनाएं दी गई ।सभी पुलिस अधिकारियोंध्कर्मचारियों द्वारा क्षेत्राधिकारी महोदय को पुष्प माला पहनाकर उनको विदा किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।




# पुलिस मुठभेड़ में थाना पर पंजीकृत हत्या के अभियोग से सम्बन्धित पचास हजार का ईनामिया अभियुक्त अशोक यादव घायल तथा अवैध तमंचा मय कारतूस बरामद -



मिर्जापुर थाना चुनार क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पतार स्थित पहाड़ी पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव होने की सूचना प्राप्त हुई । उक्त सूचना पर पुलिस उच्चाधिकारीगण द्वारा डॉग स्क्वाड व फील्ड यूनिट की टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच की गयी तो मृतक की पहचान श्यामसुंदर पुत्र बाधू मांझी निवासी बाघेड़ी पुरूषोत्तमपुर, थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर, उम्र करीब–30 वर्ष के रूप में हुई । मृतक के शव को कब्जे में लेकर तथा मृतक के बड़े भाई शंकर मांझी पुत्र बाधू मांझी उपरोक्त के द्वारा दिये गये तहरीर के आधार पर थाना चुनार पर मु0अ0सं0–386ध्2022 धारा 302 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया । आज दिनांकः 30.12.2022 को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित ध 50 हजार के ईनामिया अभियुक्त अशोक यादव पुत्र नखड्डु यादव निवासी जलालपुर माफी थाना चुनार जनपद मीरजापुर को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिंदा कारतूस बरामद कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# गोताबाया ने अमेरिकी नागरिकता बहाली के लिए किया आवेदन! राष्ट्रपति ने लोकसेवकों से की ये अपील

किसी भी देश में शरण पाने में विफल रहने के बाद श्रीलंका के अपदस्थ राष्ट्रपति गोताबाया राजपक्षे ने अपनी अमेरिकी नागरिकता की बहाली के लिए आवेदन किया है। हालांकि, अमेरिकी सरकार ने अभी तक अनुरोध ा पर विचार नहीं किया है। बता दें कि साल 2019 में राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए गोताबाया ने अपनी अमेरिकी नागरिकता त्याग दी थी, क्योंकि श्रीलंका के संविधान के अनुसार, दोहरी नागरिकता धारकों को चुनाव लड़ने पर यहां रोक लगी हुई है। अमेरिका नागरिकता बहाल होना एक मुश्किल प्रक्रिया मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 73 वर्षीय राजपक्षे ने 2022 में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान श्रीलंका से भागकर किसी भी देश में शरण लेने में विफल रहने के बाद अपनी अमेरिकी नागरिकता की बहाली के लिए अपील की थी।रिपोर्ट में कहा गया है कि पहले की गई अमेरिकी नागरिकता को बहाल करने की अपील एक महंगी कानूनी प्रक्रिया और समय लेने वाली है। गौरतलब है कि पूर्व राष्ट्रपति पिछले साल 13 जुलाई को श्रीलंका भागकर मालदीव चले गए थे। वहां से उन्होंने सिंगापुर और फिर थाईलैंड की यात्रा की। वह 2 सितंबर को घर वापस आया।श्रीलंका के लोकसेवकों को ओवरटाइम काम करना होगारू राष्ट्रपति विक्रमसिंघे श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने सोमवार को अपने लोकसेवकों से ओवरटाइम काम करने की अपील की है। उन्होंने लोकसेवकों से कहा कि आर्थिक संकट से जूझ रहे देश को फिर से पटरी पर लाने के लिए ओवरटाइम काम करना होगा। उन्होंने कहा कि अब आठ घंटे ड्यूटी करने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लोक सेवकों को दिन में 8 घंटे और सप्ताह में 5 दिन तक सीमित नहीं किया जा सकता है। आइए हम सभी प्रतिबद्धता के साथ काम करें। 2023 के अंत तक, मैं आप सभी के समर्थन से इस देश को आगे ले जाने और पुनर्स्थापित करने की उम्मीद करता हूं। सामान्य स्थिति, ष्समाचार पोर्टल दमूपितेज.सा ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विक्रमसिंघे के हवाले से बताया।किसी भी देश में शरण पाने में विफल रहने के बाद श्रीलंका के अपदस्थ राष्ट्रपति गोताबाया राजपक्षे ने अपनी अमेरिकी नागरिकता की बहाली के लिए आवेदन किया है। हालांकि, अमेरिकी सरकार ने अभी तक अनुरोध पर विचार नहीं किया है। बता दें कि साल 2019 में राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए गोताबाया ने अपनी अमेरिकी नागरिकता त्याग दी थी, क्योंकि श्रीलंका के संविधान के अनुसार, दोहरी नागरिकता धारकों को चुनाव लड़ने पर यहां रोक लगी हुई है। अमेरिका नागरिकता बहाल होना एक मुश्किल प्रक्रिया मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 73 वर्षीय राजपक्षे ने 2022 में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान श्रीलंका

से भागकर किसी भी देश में शरण लेने में विफल रहने के बाद अपनी अमेरिकी नागरिकता की बहाली के लिए अपील की थी।रिपोर्ट में कहा गया है कि पहले की गई अमेरिकी नागरिकता को बहाल करने की अपील एक महंगी कानूनी प्रक्रिया और समय लेने वाली है। गौरतलब है कि पूर्व राष्ट्रपति पिछले साल 13 जुलाई को श्रीलंका भागकर मालदीव चले गए थे। वहां से उन्होंने सिंगापुर और फिर थाईलैंड की यात्रा की। वह 2 सितंबर को घर वापस आया।श्रीलंका के लोकसेवकों को ओवरटाइम काम करना होगारू राष्ट्रपति विक्रमसिंघे श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने सोमवार को अपने लोकसेवकों से ओवरटाइम काम करने की अपील की है। उन्होंने लोकसेवकों से कहा कि आर्थिक संकट से जूझ रहे देश को फिर से पटरी पर लाने के लिए ओवरटाइम काम करना होगा। उन्होंने कहा कि अब आठ घंटे ड्यूटी करने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लोक सेवकों को दिन में 8 घंटे और सप्ताह में 5 दिन तक सीमित नहीं किया जा सकता है। आइए हम सभी प्रतिबद्धता के साथ काम करें। 2023 के अंत तक, मैं आप सभी के समर्थन से इस देश को आगे ले जाने और पुनर्स्थापित करने की उम्मीद करता हूं। सामान्य स्थिति, ष्समाचार पोर्टल दमूपितेज.सा ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विक्रमसिंघे के हवाले से बताया।किसी भी देश में शरण पाने में विफल रहने के बाद श्रीलंका के अपदस्थ राष्ट्रपति गोताबाया राजपक्षे ने अपनी अमेरिकी नागरिकता की बहाली के लिए आवेदन किया है। हालांकि, अमेरिकी सरकार ने अभी तक अनुरोध पर विचार नहीं किया है। बता दें कि साल 2019 में राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए गोताबाया ने अपनी अमेरिकी नागरिकता त्याग दी थी, क्योंकि श्रीलंका के संविधान के अनुसार, दोहरी नागरिकता धारकों को चुनाव लड़ने पर यहां रोक लगी हुई है। अमेरिका नागरिकता बहाल होना एक मुश्किल प्रक्रिया मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 73 वर्षीय राजपक्षे ने 2022 में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान श्रीलंका से भागकर किसी भी देश में शरण लेने में विफल रहने के बाद अपनी अमेरिकी नागरिकता की बहाली के लिए अपील की थी।रिपोर्ट में कहा गया है कि पहले की गई अमेरिकी नागरिकता को बहाल करने की अपील एक महंगी कानूनी प्रक्रिया और समय लेने वाली है। गौरतलब है कि पूर्व राष्ट्रपति पिछले साल 13 जुलाई को श्रीलंका भागकर मालदीव चले गए थे। वहां से उन्होंने सिंगापुर और फिर थाईलैंड की यात्रा की। वह 2 सितंबर को घर वापस आया।श्रीलंका के लोकसेवकों को ओवरटाइम काम करना होगारू राष्ट्रपति विक्रमसिंघे श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने सोमवार को अपने लोकसेवकों से ओवरटाइम

काम करने की अपील की है। उन्होंने लोकसेवकों से कहा कि आर्थिक संकट से जूझ रहे देश को फिर से पटरी पर लाने के लिए ओवरटाइम काम करना होगा। उन्होंने कहा कि अब आठ घंटे ड्यूटी करने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लोक सेवकों को दिन में 8 घंटे और सप्ताह में 5 दिन तक सीमित नहीं किया जा सकता है। आइए हम सभी प्रतिबद्धता के साथ काम करें। 2023 के अंत तक, मैं आप सभी के समर्थन से इस देश को आगे ले जाने और पुनर्स्थापित करने की उम्मीद करता हूं। सामान्य स्थिति, ष्समाचार पोर्टल दमूपितेज.सा ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विक्रमसिंघे के हवाले से बताया।किसी भी देश में शरण पाने में विफल रहने के बाद श्रीलंका के अपदस्थ राष्ट्रपति गोताबाया राजपक्षे ने अपनी अमेरिकी नागरिकता की बहाली के लिए आवेदन किया है। हालांकि, अमेरिकी सरकार ने अभी तक अनुरोध पर विचार नहीं किया है। बता दें कि साल 2019 में राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए गोताबाया ने अपनी अमेरिकी नागरिकता त्याग दी थी, क्योंकि श्रीलंका के संविधान के अनुसार, दोहरी नागरिकता धारकों को चुनाव लड़ने पर यहां रोक लगी हुई है। अमेरिका नागरिकता बहाल होना एक मुश्किल प्रक्रिया मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 73 वर्षीय राजपक्षे ने 2022 में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान श्रीलंका से भागकर किसी भी देश में शरण लेने में विफल रहने के बाद अपनी अमेरिकी नागरिकता की बहाली के लिए अपील की थी।रिपोर्ट में कहा गया है कि पहले की गई अमेरिकी नागरिकता को बहाल करने की अपील एक महंगी कानूनी प्रक्रिया और समय लेने वाली है। गौरतलब है कि पूर्व राष्ट्रपति पिछले साल 13 जुलाई को श्रीलंका भागकर मालदीव चले गए थे। वहां से उन्होंने सिंगापुर और फिर थाईलैंड की यात्रा की। वह 2 सितंबर को घर वापस आया।श्रीलंका के लोकसेवकों को ओवरटाइम काम करना होगारू राष्ट्रपति विक्रमसिंघे श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने सोमवार को अपने लोकसेवकों से ओवरटाइम काम करने की अपील की है। उन्होंने लोकसेवकों से कहा कि आर्थिक संकट से जूझ रहे देश को फिर से पटरी पर लाने के लिए ओवरटाइम काम करना होगा। उन्होंने कहा कि अब आठ घंटे ड्यूटी करने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लोक सेवकों को दिन में 8 घंटे और सप्ताह में 5 दिन तक सीमित नहीं किया जा सकता है। आइए हम सभी प्रतिबद्धता के साथ काम करें। 2023 के अंत तक, मैं आप सभी के समर्थन से इस देश को आगे ले जाने और पुनर्स्थापित करने की उम्मीद करता हूं। सामान्य स्थिति, ष्समाचार पोर्टल दमूपितेज.सा ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विक्रमसिंघे के हवाले से बताया।किसी भी देश में शरण पाने में विफल रहने के बाद श्रीलंका के अपदस्थ राष्ट्रपति गोताबाया राजपक्षे ने अपनी अमेरिकी नागरिकता की बहाली के लिए आवेदन किया है। हालांकि, अमेरिकी सरकार ने अभी तक अनुरोध पर विचार नहीं किया है। बता दें कि साल 2019 में राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए गोताबाया ने अपनी अमेरिकी नागरिकता त्याग दी थी, क्योंकि श्रीलंका के संविधान के अनुसार, दोहरी नागरिकता धारकों को चुनाव लड़ने पर यहां रोक लगी हुई है। अमेरिका नागरिकता बहाल होना एक मुश्किल प्रक्रिया मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 73 वर्षीय राजपक्षे ने 2022 में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान श्रीलंका से भागकर किसी भी देश में शरण लेने में विफल रहने के बाद अपनी अमेरिकी नागरिकता की बहाली के लिए अपील की थी।रिपोर्ट में कहा गया है कि पहले की गई अमेरिकी नागरिकता को बहाल करने की अपील एक महंगी कानूनी प्रक्रिया और समय लेने वाली है। गौरतलब है कि पूर्व राष्ट्रपति पिछले साल 13 जुलाई को श्रीलंका भागकर मालदीव चले गए थे। वहां से उन्होंने सिंगापुर और फिर थाईलैंड की यात्रा की। वह 2 सितंबर को घर वापस आया।श्रीलंका के लोकसेवकों को ओवरटाइम काम करना होगारू राष्ट्रपति विक्रमसिंघे श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने सोमवार को अपने लोकसेवकों से ओवरटाइम काम करने की अपील की है। उन्होंने लोकसेवकों से कहा कि आर्थिक संकट से जूझ रहे देश को फिर से पटरी पर लाने के लिए ओवरटाइम काम करना होगा। उन्होंने कहा कि अब आठ घंटे ड्यूटी करने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लोक सेवकों को दिन में 8 घंटे और सप्ताह में 5 दिन तक सीमित नहीं किया जा सकता है।

झुग्गी झोपड़ी
हिन्दी दैनिक
आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश व अन्य प्रदेश मे कार्य करने हेतु लोगो की आवश्यकता है
संपर्कः- 277/129 चकिया जगमल का हाता
जनपद प्रयागराज पिन कोड 211016
उत्तर प्रदेश
9918366626 , 9140343290

# पति से विवाद मे पत्नी ने लगाई फांसी

बांदा। बिसंडा थानाक्षेत्र के पवई गांव मे पति से आपसी कहासुनी के चलते पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दी। राजेंद्र कुमार वर्मा की पत्नी हीरा मनी 23 वर्ष ने रात में साड़ी का फंदा बनाकर पक्के मकान की खूंटी में बांधकर गले में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका के जेठ बृजेश ने बताया कि पति–पत्नी दोनों अलग रहते थे, पति गांव के बस स्टॉप के पास छोटी सी दुकान करता था। वहां से शाम को आकर खाना खाकर दोनों एक कमरे में सोए थे। पति जब शौंच के लिए रात में जगा तो देखा पत्नी बिस्तर में नहीं थी। इधर–उधर देखा तो वह पक्के मकान के खूंटी में फांसी के फंदे में लटकी थी। तत्काल मां भूरी देवी व परिजनों को आवाज दी परिजनों ने देखकर हंसिया से फंदा काटकर बिस्तर में लिटा दिया लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। तत्काल उसके मायके वालों को सूचना दी गई तथा थाना पुलिस को भी जानकारी दी गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। थाना प्रभारी आनंद कुमार का कहना है कि पति–पत्नी की आपसी कहासुनी का परिजन कारण नहीं बता पाए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार से कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेमी-प्रेमिका के लटकते मिले पेड़ पर शव

बांदा। प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी–प्रेमिका का शव पेड़ से लटका मिला, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पेड़ से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस के मुताबिक मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है। पुलिस को मौके से दोनों के मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। मामला अतर्रा थाना के अतर्रा ग्रामीण के लोधनपुरवा के पास का है। लोगों ने कहा कि युवक और युवती के घर वाले उनके इस रिश्ते से नाखुश थे। इसी से परेशान होकर प्रेमी युगल ने दुस्साहसिक कदम उठाया। सीडीआर आदि निकालकर मामले की पुष्टि की जाएगी। युवक के परिजनों के मुताबिक, लड़की के घरवालों ने लड़के को मारकर पेड़ पर लटकाया है, क्योंकि उसके शरीर पर कुछ चोट के निशान भी दिखे हैं। क्षेत्र में लोगों के बीच चर्चा है कि दोनों एक दूसरे को कई साल से जानते थे, हो सकता है कोई बात हुई हो। लड़का देर रात से लापता था, सुबह 10 बजे घटना की सूचना निकलने वाले लोगों ने मृतकों के परिजनों को दी। लड़की की मां ने बताया कि देर रात अचानक लड़की लापता हुई, खोजबीन की लेकिन नहीं मिली। लड़की को स्कूल जाने के दौरान लड़का मिलता था। दोनों 3 सालों से एक दूसरे को जानते हैं। सुबह जब लोग सौंच के लिए बाहर निकले तब जानकारी हुई। अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने बताया कि अतर्रा थानाक्षेत्र में एक 20 से 22 वर्षीय लड़की और लड़के का शव बरामद हुआ है। बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है, पोस्टमॉर्टम डॉक्टरो के पैनल से कराया जाएगा, वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। जो भी साक्ष्य आएंगे उसी के अनुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी-112 पुलिस अमेठी द्वारा 03 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्टाल लगाकर नागरिकों को यूपी-112 के सेवाओं के बारे में किया गया जागरूक

पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षकक्ध्नोडल अधिकारी यू0पी0दृ112 जनपद अमेठी के पर्यवेक्षण में व प्रभारी 112 के नेतृत्व में आपात सेवायें जनपद अमेठी के नव वर्ष के अवसर पर आम नागरिकों को उ0प्र0 पुलिस की विभिन्न जनोपयोगी सेवाओं के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद अमेठी में भीड़ दृ भाड़ वाले स्थान वीदृमार्ट गौरीगंज व वी दृ मार्ट अमेठी पर दो स्टाल लगाये गये । "इस नव वर्ष के अवसर पर नव संकल्प उठायें, दूसरो की मदद को आगे आये", इस सन्देश के साथ स्टाल पर लगे नागरिकों को पुलिस की सेवाओं से जागरूक किया । इसी क्रम में पुलिस कर्मियों द्वारा बुजुर्गो एंव महिलाओं से भी संवाद कर उनसे 112 की सबेरा और नाइट एस्कोर्ट सेवाओं की जानकारी साझा की गयी । इस मौके पर यूपी दृ 112 द्वारा मित्र पुलिसिंग का सन्देश दिया गया एवं बताया कि पुलिस कैसे मित्र बनकर मदद करती आ रही है । यूपी पुलिस की आपातकालीन सेवाओं ने लोगो विशेषकर बच्चो को इस बारे में जाकरूक करने के लिये अपने दो पहिया व चार पहिया वाहन पीआरवी भी तैनात कियें, जिससे नागरिक जान सकें कि आपात कालीन सेवा कैसे काम करती है । बच्चो को कामिक बुक में घटनाओं के माध्यम से 112 की योजनाओं की जानकारी दी गयी । कामिक में छोटे दृ छोटे स्लोगन जैसे "डरने की नही है बात, 112 है आपके साथ", "फोन उठाइयें 112 मिलाइये" लिखे गये है । जनपद के नागरिकों ने मित्र पुलिस के इस रूप को जमकर सराहा । जिले में प्रतिदिन (161) नागरिकों को पहुँचायी जाती है सहायता जनपद अमेठी में 10 मिनट से भी कम समय में पहुँचती है पुलिस सहायता

स्टाल नं0 दृ 01 ( वी दृ मार्ट गौरीगंज ) पर ड्यूटी पर लगे अधि0 ध् कर्म0 गण का नामः–

1– उ0नि0 श्री अरूण सिंह
2– मु0आ0 अनुराग वर्मा
3– मु0आ0 दुर्गा प्रसाद सिंह
4– आ0 सुरेन्द्र कुमार यादव
5– म0आ0 नेहा जायसवाल
6– पीआरवी 2799 के दिन पाली में नियुक्त कर्मचारी गण

स्टाल नं0 दृ 02 ( वी दृ मार्ट अमेठी ) पर लगे अधि0 ध् कर्म0 गण का नामः–

1– उ0नि0 श्री प्रवीण कुमार शुक्ला
2– मु0 आ0 नन्द लाल वर्मा
3– आ0 करमवीर सिंह
4– म0 का0 शिवांगी मौर्या
5– पीआरवी 2785 के दिन पाली में नियुक्त कर्मचारी गण

# शिक्षामित्र संघ आज सौंपेगा ज्ञापन

बांदा। प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष ने सिटी मजिस्ट्रेट को पत्र सौंपा है। जिलाध्यक्ष दिनकर अवस्थी ने दिए गये पत्र मे कहा है कि संघ के पदाधिकारी 2 जनवरी को अपराह्न एक बजे जिलाधिकारी कार्यालय में एकत्र होकर ज्ञापन सौंपेंगे। बताया कि ज्ञापन प्रदेश के समस्त जनपदों से मुख्यमंत्री को संबोधित है। जिलाधिकारी के माध्यम से शांतिपूर्ण ज्ञापन दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 23 साल से अल्प मानदेय पर काम कर रहे शिक्षामित्रों के भविष्य निर्धारण की अपील की जाएगी। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों में तैनात सभी शिक्षामित्रों से अपील की है कि 2 जनवरी को अपराह्न 12 बजे के बाद कलेक्ट्रेट कार्यालय के समीप मैदान में एकत्र हों। इसके बाद विभिन्न मांगों के संदर्भ में ज्ञापन तैयार कर जिलाधिकारी दीपा रंजन को सौंपा जाएगा।

# बकरी को बचाने मे महिला की ट्रेन से कटकर हुयी मौत

बांदा। जिले मे दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। कुदरत का खेल भी बड़ा निराला है, जिस ट्रेन में भाई सफर कर रहा था उसी ट्रेन से कटकर बहन की दर्दनाक मौत हो गयी। जब इस बात का पता सफर कर रहे भाई को चला तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गयी और वह सिर पकड़ कर रोने लगा। शव रेल पटरी पर पड़ा होने के कारण ट्रेन भी खड़ी हो गयी और आधे घंटे बाद शव हटाने पर रवाना हुई। मटौंध निवासी ग्रामीण बाबूलाल ने बताया कि उसकी 50 वर्षीय पत्नी शिवकलिया खेतो में बकरियां को घास खिलाने गयी थी। मुरेड़ी गांव के पुल के पास उसकी एक बकरी रेलवे ट्रैक पर घास खाते हुए चली गयी। महिला एक्सप्रेस ट्रेन को आता देख बकरी को बचाने को दौड़ पड़ी। पहले महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी, बाद में बकरी के चपेट में आने से मौत हो गयी। आसपास मौजूद किसानों ने शव पड़ा देख पुलिस और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने बताया कि महिला के पति मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते हैं, कोई संतान भी नहीं है। भाई के मुताबिक वह कपड़ो की फेरी लगाने का काम करता है। हादसे के वक्त महोबा से फेरी लगाकर बांदा लौट रहा था।

# सर्द हवाओं ने बढ़ाई मुश्किल, नही हुए धूप के दर्शन

बांदा। जिले मे ठंडी हवाओं ने लोगों को घरों में दुबकने के लिए मजबूर कर दिया है। सर्दी का सितम यह है कि एक साथ कई गर्म कपड़े पहनने के बाद भी ठिठुरन कम नहीं होती। रविवार को दिनभर धूप नहीं निकली। सर्दी बढ़ने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अभी कुछ दिन तक लोगों को राहत मिलने वाली नहीं है। इसी तरह कोहरा व शीतलहर लोगों की दिक्कत बढ़ाएगा। सुबह कोहरे से लोगों को सड़क पर दिखाई न देने के कारण वाहन चालकों को हेड लाइट जलाकर चलना पड़ा। सर्दी के कारण दिन भर लोग ठिठुरते रहे। जगह–जगह सड़कों पर लोग अलाव जलाते हुए देखे गए। सर्दी ज्यादा होने से बाजार में गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। दुकानों पर गर्म कपड़े खरीदने वालों की भीड़ रही। दिनभर लोगों को सूरज के दर्शन नहीं हुए। धूप के लिए लोग आसमान की तरफ निहारते रहे। रविवार को अधिकतम तापमान 19 व न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सर्दी की वजह से बाजारों में चहल पहल भी काफी कम हो गई है। बाहर जाने के बजाय लोग घर में रजाई में ही बैठना पसंद कर रहे हैं। अलाव जलाने के लिए लोगों को जो भी मिला उससे ही सर्दी से बचने का प्रयास किया। मौसम विभाग के अनुसार अभी कुछ दिन तक आसमान में बादल छाए रहेंगे। जिस कारण ठंड और ज्यादा बढ़ सकती है। इसके अलावा कोहरा भी परेशानी बढ़ाएगा। ठंड के कारण क्षेत्र मे हर कोई बेहाल है। इससे पहले लोग कह रहे थे कि जनवरी माह आ गया लेकिन अब तक सर्दी कम हो रही है। ठंड से बचाव के लिए विशेषज्ञ विशेष रूप से एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं। ठंड छोटे–बच्चे व बुजुर्गों के लिए काफी समस्या का कारण बन चुकी है। इसका असर ओपीडी मे भी देखा जा रहा है। अस्थमा के रोगियों की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। अस्पतालों में ओपीडी के दौरान सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार से ग्रस्त मरीजों की संख्या में दिनों–दिन इजाफा देखा जा रहा है। चिकित्सक का कहना है कि ठंड से बच्चों व बुजुर्गो को बचाकर रखने की जरूरत है। ठंड लगने पर इनको अधिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# सांसद ने फीता काटकर किया नवीन ब्यूटी पार्लर(पॉश- द ग्लोअप कैसल)का शुभारंभ



कन्नौज। शहर के अकबरपुर सरायघाघ कन्नौज गैस एजेंसी के समीप एक नवीन ब्यूटी पार्लर का शुभारंभ किया गया।पॉश–द ग्लोअप कैसल ब्यूटी पार्लर का सांसद सुब्रत पाठक ने फीता काटकर उद्घाटन किया।उन्होंने कहा कि इस तरह का प्रतिष्ठान खुलने से यहां की महिलाओं को काफी फायदा मिलेगा।अब उन्हें कही बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।इस मौके पर सांसद सुब्रत पाठक ने कन्नौज गैस सर्विस की सांचालिका पूजा सिंह और अलीशा सिंह की बहन ब्यूटी पार्लर की संचालिका उषा सिंह को बधाई दी।वहीं उद्घाटन समारोह में उपस्थित कन्नौज नगर की महिलाओं ने भी उषा सिंह को ब्यूटी पार्लर के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।वहीं संचालिका उषा सिंह ने कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि सांसद सुब्रत पाठक का आभार व्यक्त किया।

# पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार




कन्नौज। अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के क्रम में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्रवाई की। कन्नौज थाना प्रभारी राजकुमार सिंह उप निरीक्षक प्रमोद कुमार तिवारी ने गैंगस्टर एक्ट वांछित अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर धार दबोच लिया। गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे सरनाम यादव पुत्र रामबाबू यादव निवासी ग्राम चांदापुर थाना कन्नौज को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की।

# सोसाइटी के द्वारा लगवाए गए हैंड पंप का शुभारंभ ग्राम प्रधान ने फीता काटकर किया

आज को नकांति सोसाइटी के द्वारा ग्राम किशनपुर ब्लॉक अमरोधा जनपद कानपुर देहात में सोसाइटी के द्वारा लगवाए गए हैंड पंप का शुभारंभ ग्राम प्रधान ने फीता काटकर किया इस मौके पर सोसाइटी के जिला मैनेजर रामकिशन हरिओम त्यागी वीरेंद्र कुमार धर्मराज राजू आनंद कपिल नरेंद्र आदि लोग मौके पर उपस्थित रहे सोसाइटी भारत देश के कई राज्यों में सोशल वर्क का काम करती है जहां पर लोग पानी से परेशान हैं उनके लिए पानी की व्यवस्था जहां पर लोग शिक्षा से वंचित हैं उनके लिए कोचिंग सेंटर जहां पर बहने सिलाई का काम सीखना चाहती हैं उनके लिए सिलाई सेंटर की व्यवस्था जहां पर लोग राशन के लिए परेशान हैं उनके लिए राशन की व्यवस्था यह सभी का सोसायटी के डायरेक्टर अब्राहम कांतिलाल जी के सहयोग से आंध्र प्रदेश उड़ीसा छत्तीसगढ़ झारखंड मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश बिहार उत्तराखंड में लगातार जनहित आकार चल रहा है सोसाइटी के द्वारा अब तक तो हैंडपंप लगवा कर लोगों की लगातार मदद की जा रही है।




# नव वर्ष के अवसर पर अखिल भारतीय अग्निशिखा मंच का काव्य सम्मेलन संपन्न




मुंबई। अखिल भारतीय अग्निशिखा मंच एक साहित्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था है जो वर्षों से सामाजिक और साहित्यिक कार्यक्रम करतीं आ रही है । इसी कड़ी में आज नव वर्ष के उपलक्ष में ,नव वर्ष पर हमारा संकल्प है, इस विषय में ऑनलाइन एक कार्यक्रम का आयोजन किया मुख्य अतिथि राम राय विशेष अतिथि आशा जकड़ , अभिलाष शुक्ला ,संतोष साहू, शिवपूजन पांडे और कार्यक्रम के समारोह अध्यक्ष रहे डॉ कुंवर वीर सिंह । डॉ सुशील श्रीवास्तव सागर ने मधुर स्वरों में सरस्वती वंदना की। कार्यक्रम का संचालन अलका पांडे और शोभा रानी तिवारी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विशेष अतिथियों ने अपने उद्‌गार व्यक्त किए और मंच को आशीर्वचन दिया सभी रचनाकारों ने उत्कृष्ट रचनाओं का पाठ किया तथा आभार व्यक्त किया। नीरजा ठाकुर ने नव वर्ष में हम क्या संकल्प लें क्या काम करें ,इस विषय पर एक शानदार कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की आयोजक अलका पांडे ने बताया कि नए वर्ष पर हमारे संकल्प इसलिए रखा गया कि हम जीवन में अपने लिए कुछ संकल्प ले, तभी हम अपने अंदर की गांठे खोल सकेंगे और समाज के लिए कुछ कर सकेंगे, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवियों ने बड़ी सार्थक रूप सकारात्मक रूप से अपने विचार रखे। कवि सम्मेलन में अलका पांडे , नीरजा ठाकुर नीर,रानी अग्रवाल,शोभा रानी तिवारी, डॉ.आशालता नायडू,डॉ अंजुल कंसल ष्कनुप्रियाष, डॉ महताब आजाद,डॉ0 सुशील श्रीवास्तव ष्सागरष्शोभा रानी तिवारी, अलका पांडे , निरजा ठाकुर ,डॉ अझूल कंसल, विजेंद्र मोहन बोकारो ,ओम प्रकाश पांडे आशा लता नायडू, अनीता झा, सुशील सागर ,डॉ. मेहताब अहमद आजाद , सुरेंद्र हरडे, रवि शंकर कोलते,आदि ने काव्य पाठ किया।

# भाजपा विश्व की सबसे अधिक सदस्यों वाली बनी राजनीतिक पार्टी - जिलाध्यक्ष डा. मिथिलेश त्रिपाठी



अंबेडकर नगर भाजपा कार्यकर्ताओं की परिश्रम और संगठन की देश एवम समाज हित की नीति के कारण भाजपा विश्व की सबसे अधिक सदस्यों वाली राजनीतिक पार्टी बन चुकी है।आज भाजपा की देश के अधिकांश प्रांतों में सरकारें हैं जो समाज और देश हित में अनेकों कार्य कर रही हैं।

उपरोक्त विचार भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने मण्डल अध्यक्ष सुभाष वर्मा की अध्यक्षता और विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष शिव नायक वर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न श्रवण क्षेत्र मण्डल की कार्यसमिति और शक्ति केंद्रों की विशाल बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी एवम मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही केंद्र और प्रदेश की सरकारें गांवों और नगरों की गरीब जनता के हितों की सभी आवश्यकताओं का पता कर उनको समृद्ध बनाकर उन्हें खुशहाल बनाने की कार्य योजना पर कार्य कर रही हैं। श्रवण क्षेत्र मण्डल की जूनियर हाई स्कूल पहितीपुर में संपन्न मासिक बैठक में विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष शिव नायक वर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि भाजपा की सभी उपलब्धियों का श्रेय कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके कार्य को जाता है।


**झुग्गी झोपड़ी**

सत्वाधिकार, मुद्रक एवं प्रकाशक संजय कुमार यादव द्वारा रमा प्रिंटिंगप्रेस 53/25/1ए, बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित रहीमाबाद पोस्ट कटहुला गौसपुर जिला प्रयागराज तहसील सदर से प्रकाशित

सम्पादक संजय कुमार यादव

RNI No.: UPHIN/2015/63182
दूरभष : 0532–2618074
मोबाईल : 9918366626
डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23
e-mail: Jhuggijhopari@gmail.com
Website- www.Jhuggijhopari.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदाई तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा